


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 106 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 29 जनवरी 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ के युवा करें 8 फरवरी 2024 से ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने बताया कि भारतीय सेना में भर्ती के लिए इंडियन आर्मी की वेबसाइट-www.joinindianarmy.nic.in पर 08 फरवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी । अधिसूचना जारी होने के बाद, सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 08 फरवरी से प्रारम्भ हो जाएगी जोकि 21 मार्च, 2024 तक खुली रहेगी । आवेदन अग्निवीर पुरूष जर्नल, तकनिकी, क्लर्क / स्टोरकिपर, ट्रेड्समैन दसवीं पास, ट्रेड्समैन आठवीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंस, नर्सिंग असिस्टेंस वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी और धर्मगुरु (RT JCO) के पदों के लिए किया जा सकता है । ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल और मई के महीने में आयोजित होने की संभावना है ।

सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क के रूप में 250/- रुपये का भुगतान करना होगा । वर्ष 2024-25 के लिए उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जायेगी । प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सीईई ) और द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी । सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने यह भी बताया है की दसवीं या बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण हैं और जो उम्मीदवार कक्षा दसवीं या बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहें हैं वे भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते वे अन्य सभी क्यूआर को पूरा करते हों जो की अधिसूचना में दिया जायेगा ।

इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अपना यूजर आईडी (Profile) और पासवर्ड इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाइन पंजीकरण के समय आपका पंजीकरण करने में ज्यादा समय ना लगे और यह भी सलाह दी जाती है कि भर्ती चक्र (2024-25) के दौरान अपना मोबाइल नंबर और ईमेल (Email ID) जिससे पंजीकरण कर रहे हैं उसे ना बदलें, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण जानकारी उसी मोबाइल नंबर और ईमेल (Email ID) पर दी जायगी ।

किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण अथवा सहायता के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष संख्या 0771-2965212, 0771-2965213, पर संपर्क किया जा सकता है । भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है इसलिए अनाधिकृत व्?यक्तियों से सावधान रहें ।

### 11 फीट गड्ढे में गिरा विशालकाय सांड, जेसीबी की मदद से निकाला बाहर

**कोरबा।** कुसमुंडा कॉलोनी में पानी सप्लाई के लिए बनाए गए 11 फीट वाल गड्ढे में एक विशालकाय सांड गिर गया। जिसके बाद सांड हुंकार लगाने लगा। आवाज सुनकर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। उसे बाहर निकालने का प्रयास किया गया। जहां घंटों रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। एसईसीएल कुसमुंडा इलाके के विकास नगर कॉलोनी में पानी सप्लाई के लिए वाल बैठाया गया है। जहां कॉलोनी और घरों में प्रतिदिन पानी की सप्लाई दी जाती है। इस वाल को ऑपरेटर बन्द और चालू करते है। जिसके बाद सप्लाई शुरू होता है। वाल को लगभग 11 फीट गड्ढे में बैठाया गया है। सोमवार की तड़के सुबह गड्ढे में विशालकाय सांड गिर गया। जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।

# विधानसभा वाला प्लान दोहराएगी भाजपा!

## ■ कई सीटों पर आचार संहिता से पहले घोषित हो सकते हैं प्रत्याशी ■ युवा व नए चेहरों को मिल सकता है मौका

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को भले ही अभी वक्त है, लेकिन राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। प्रत्याशी चयन की कवायद में कांग्रेस और भाजपा दोनों बराबरी पर नजर आ रहे हैं। कांग्रेस ने हाल ही में स्क्रीनिंग कमेटी और उसके बाद प्रदेश चुनाव समिति की बैठक की थी, जिसमें लोकसभा के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन किया गया। वहीं भाजपा ने प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद से ही आंतरिक तैयारियां शुरू कर दी थी। उम्मीद है कि भाजपा विधानसभा वाली रणनीति को लोकसभा चुनाव में भी आजमा सकती है। इसके तहत कई सीटों पर आचार संहिता लगने से पहले ही प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि विधानसभा चुनाव की तर्ज पर लोकसभा में भी नए, युवा व ऊर्जावान चेहरों को तरजीह मिलेगी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटें हैं। इनमें से आधी से ज्यादा सीटों पर पुराने चेहरों को बदले जाने की बातें कही जा रही है।



छत्तीसगढ़ में भाजपा ने विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी ने अपनी रणनीतियों पर अमल करना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव के लिए इस बार विधानसभा चुनाव वाली रणनीति अपनाई जा सकती है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस बार 4 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहले करेगी। विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने अपनी पहली लिस्ट आचार संहिता लगने से पहले ही कर दी थी। लोकसभा चुनाव के लिए अभी दो महीने से ज्यादा समय है। कहा जा रहा है कि मार्च में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग सकती है लेकिन भाजपा की रणनीति है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले ही अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 11 में से 10 सीटों पर जीत मिली थी। विधानसभा चुनाव के रिजल्ट पर गौर करें तो 4 ऐसी लोकसभा सीटें हैं जहां भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में इन 4 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा पहले की जा सकती है। इनमें जांजगीर-चांपा, कोरबा, महासमुंद और कांकेर लोकसभा सीटें शामिल है। विधानसभा चुनाव में भाजपा के खाते में यहां से कम सीटें आई थी। जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट में तो पार्टी के खाते में एक भी विधानसभा सीट नहीं आई। ऐसे में भाजपा की रणनीति है कि इन सीटों पर आचार सहिंता लगने से पहले अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी जाए ताकि उम्मीदवारों को चुनाव अभियान के लिए लंबा समय मिले।

### भाजपा की कमजोरियां पकड़ेगी कांग्रेस

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव पर चर्चा कर रही है। बीते विधानसभा के चुनाव में जिस तरह से देखा गया कि महिला वर्ग के बड़े वोट बैंक से प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा नुकसान हुआ और प्रदेश की सत्ता हाथ से चली गई। इस बार लोकसभा के चुनाव में महिलाओं को साथ लेते हुए युवा और ग्रामीण को फोकस करते हुए कांग्रेस रणनीति बना रही है। भाजपा की महतारी वंदन योजना, युवाओं में बेरोजगारी, ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी के साथ जोड़े रखने के अलावा प्रदेश के युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों को फोकस करते हुए कांग्रेस अपनी रणनीति तैयार कर रही है। खासतौर पर कांग्रेस पार्टी, भाजपा की महतारी वंदन योजना को निशाना बनाने की तैयारी में है। पार्टी नेताओं का कहना है कि अब तक इस योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत युवाओं को रोजगार देने में मिली असफलता को भी कांग्रेस मुद्दा बनाने जा रही है।

### जीतने वालों को मिलेगा मौका - साव



राजधानी के कृषि विश्वविद्यालय स्थित विश्राम गृह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। भाजपा हमेशा नए चेहरों को मौका देती है। पार्टी जीतने योग्य प्रत्याशियों को चुनाव के मैदान में उतारेगी। विधानसभा चुनाव की मतगणना समाप्त होने के बाद से ही भाजपा ने लोकसभा की तैयारियां शुरू कर दी थी। लोकसभा के लिए क्लस्टर बनाए गए हैं, जिसमें प्रभारी व सह-प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जल्द ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा क्लस्टर के कार्यों की समीक्षा करेंगे। इधर, जानकारों का कहना है कि डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश भाजपा को इस बार लोकसभा चुनाव में थोड़ा आसानी होगी। पार्टी सभी 11 सीटों को ध्यान में रखकर क्षेत्रवार स्थानीय नेताओं से चर्चा कर चुकी है। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में पहुंचकर स्थानीय स्तर पर मंथन भी कर चुके हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा क्षेत्र के हिसाब से जातीय व सामाजिक गुणा-भाग भी लगा रही है। फिलहाल इस पर काम करने की योजना बनाई गई है।

### चौंकाने वाले हो सकते हैं प्रत्याशियों के चेहरे

लोकसभा चुनाव में आधी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का चेहरा चौंकाने वाला हो सकता है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा चुनाव में अपनाई गई रणनीति ही दोहराने की तैयारी में है। प्रदेश कांग्रेस की शनिवार को हुई दो दिवसीय मैराथन बैठक के बाद भाजपा भी चुनावी मोड पर है। भाजपा ने पहले ही साफकर दिया है कि पार्टी विधानसभा की तर्ज पर ही प्रत्याशियों की सूची पहले जारी कर देगी। लोकसभा में जिताऊ, युवा के साथ अनुभवी व योग्य उम्मीदवारों को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा। 11 लोकसभा सीटों को क्लस्टर में विभाजित करने के बाद प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा तेज हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार पार्टी पांच से छह सीटों पर नए प्रत्याशियों को मौका दे सकती है। प्रत्याशियों में युवा और अनुभवी दोनों का मेल देखने को मिलेगा। कुछ सीटों पर प्रत्याशियों को दोबारा मौका दिया जा सकता है,लेकिन यह तय है कि 50 प्रतिशत सीटों पर चेहरे बदले जाएंगे। आदिवासी सीटों के साथ ओबीसी और सामान्य वर्ग में नए प्रत्याशियों पर दांव खेला जा सकता है। पार्टी ने प्रत्याशियों को लेकर अंदरुनी सर्वे भी शुरू कर दिया है। टिकट की आधिकारिक घोषणा तक अलग-अलग सर्वे रिपोर्ट को ध्यान में रखा जाएगा।

# जवान ने पेश की मिशाल, घायल नक्सली महिला की खून देकर बचाई जान

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ में आए दिन नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ की खबरे सामने आती रहती है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में नक्सली पूरी तरह सक्रीय है। कई बार जवानों के उदारता की खबरे भी सामने आती रहती है। ऐसा ही एक मामला गरियाबंद जिले से सामने आया है। जहां मुठभेड़ में घायल महिला नक्सली को एक जवान ने खून दिया और उसकी जान बचाई।





### जवान ने खून देकर बचाई नक्सली महिला की जान

बतादें कि पुलिस को छिंडोला और सीकाशेर की पहाड़ियों में बड़ी संख्या में नक्सली होने की सूचना मिली,जिसके बाद वे सर्चिंग पर निकले थे। इस दौरान नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुआ और मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को गले में गोली लगी। लेकिन एनकाउंटर के बाद पुलिस महिला नक्सली की जान बचाने में जुट गई। गले में चोट लगने की वजह से महिला नक्सली का ज्यादा खून बह चुका था,तो एक जवान ने अपना खून देकर महिला की जान बचाई। साथ ही स्क्र खुद घायल महिला नक्सली के इलाज की तैयारी करवाने जिला अस्पताल पहुंचे।

### 20 से 30 नक्सलियों के होने की सूचना के बाद हुई थी मुठभेड़

बता दें कि महिला नक्सली का नाम पार्वती है और वे बीजापुर जिले के एक गांव की रहने वाली है। महिला नक्सली काफी लम्बे समय से नक्सली संगठन से जुड़ी हुई है। गुरुवार को पुलिस को छिंडोला और सीकाशेर की पहाड़ियों में बड़ी संख्या में नक्सली होने की खबर मिली थी। जिसके बाद पुलिस सर्चिंग पर निकले इसी दौरान मौके पर मौजूद 20 से 30 नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। और जवाबी फायरिंग के दौरान महिला नक्सली को गले में गोली लग गई। ज्यादा खून बहने के चलते खून चढ़ाने की जरूरत पड़ी। तब जवान प्रदीप सिन्हा आगे आया और महिला नक्सली की जान बचाने रक्तदान किया। इसके बाद महिला नक्सली को कड़ी सुरक्षा के बीच रायपुर रेफर किया गया।

# मन की बात: छत्तीसगढ़ के रेडियो कार्यक्रम 'हमर हाथी-हमर गोठ को पीएम मोदी ने सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में हाथियों के विचरण की सूचनाओं पर आधारित आकाशवाणी कार्यक्रम 'हमर हाथी-हमर गोठ' की सराहना की। मन की बात कार्यक्रम में श्रोताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रेडियो की ताकत कितना बदलाव ला सकती है, इसकी एक अनूठी मिसाल छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है। बीते करीब 7 वर्षों से यहां रेडियो पर एक लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण हो रहा है, जिसका नाम है 'हमर हाथी-हमर गोठ। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को लेकर कहा कि नाम सुनकर आपको लग सकता है कि रेडियो और हाथी का भला क्या कनेक्शन हो सकता है। लेकिन यही तो रेडियो की खूबी है। छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी के चार केन्द्रों अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ से हर शाम इस कार्यक्रम का प्रसारण होता है और आपको जानकर हैरानी होगी कि छत्तीसगढ़ के जंगल और उसके आसपास के इलाके में रहने वाले बड़े ध्यान से इस कार्यक्रम को सुनते हैं।

'हमर हाथी-हमर गोठ' कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता अमलेन्दु मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य के चार आकाशवाणी केंद्रों अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ केंद्रो से शाम 5:00 बजे प्रसारित किया जाता है। यह कार्यक्रम एंड्राइड मोबाइल के न्यूज on AIR और एफएम चैनल में भी उपलब्ध है जिसे गाड़ियों में भी आसानी से सुना जा सकता है।

### इस कार्यक्रम से मिलती है हाथियों के आने की जानकारी-मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'हमर हाथी-हमर गोठ कार्यक्रम में बताया जाता है कि हाथियों का झुण्ड जंगल के किस इलाके से गुजर रहा है। ये जानकारी यहां के लोगों के बहुत काम आती है। लोगों को जैसे ही रेडियो से हाथियों के झुण्ड के आने की जानकारी मिलती है, वो सावधान हो जाते हैं। जिन रास्तों से हाथी गुजरते हैं, उधर जाने का ख़तरा टल जाता है। इससे जहां एक ओर हाथियों के झुण्ड से नुकसान की संभावना कम हो रही है, वहीं हाथियों के बारे में डेटा जुटाने में मदद मिलती है। इस डेटा के उपयोग से भविष्य में हाथियों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। यहां हाथियों से जुड़ी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इससे जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को हाथियों के साथ तालमेल बिठाना आसान हो गया है। छत्तीसगढ़ की इस अनूठी पहल और इसके अनुभवों का लाभ देश के दूसरे वन क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी उठा सकते हैं।

# अब घर के भीतर छिड़ी आस्था की लड़ाई

श्रीकंचनपथ




पिछले कुछ दशकों में धर्मांतरण एक बड़ा मुद्दा हो गया है। वनांचलों में ईसाई मिशनरियों की सक्रियता के खिलाफकाफी बवाल मच चुका है। लव जिहाद और जबरिया धर्मांतरण को लेकर मुस्लिम भी निशाने पर रहे हैं। पर अब जो हो रहा है, वह अभूतपूर्व है। ईसाई धर्म और इस्लाम का प्रादुर्भाव भारत की धरती से बाहर हुआ। इसलिए इन्हें लेकर ज्यादा बवाल होता है। पर सैकड़ों पंथों का जन्म इसी भारत भूमि पर हुआ। बौद्ध, सिख और जैन पंथों की उत्पत्ति भी यहीं हुई। इनमें से बौद्ध धर्म की उत्पत्ति 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व में एक श्रमण परम्परा के रूप में पूर्वी गंगा के मैदान में हुई जो धीरे-धीरे पूरे एशिया में फैल गई। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा धर्म है, जिसके 52 करोड़ से अधिक अनुयायी (बौद्ध) हैं। यह वैश्विक आबादी का लगभग सात प्रतिशत है। जैन धर्म का प्रसार छठवीं शताब्दी में हुआ जिसके अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर थे। सिख धर्म की स्थापना गुरू नानक देवजी ने 15वीं शताब्दी में की थी। नानक देवजी ने अपने समय में व्याप्त कुप्रथाओं, अंधविश्वासों, जर्जर रूढ़ियों और पाखण्डों को दूर करते हुए प्रेम, सेवा, परिश्रम, परोपकार और भाई-चारे की दृढ़ नीव पर सिख धर्म की स्थापना की। पंथों और धार्मिक मान्यताओं के भिन्न-भिन्न होने के बावजूद इनके हिन्दू होने पर कभी कोई सवाल नहीं उठा। आस्थाओं का यह परिवर्तन स्वीकार करने वाली पीढ़ियां कबकी गुजर गईं। अब ऐसी कोई बात नहीं रही। इन परिवारों में जन्म लेने वाले स्वत: इन पंथों के अधीन हो जाते हैं। ऐसे में बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लाक स्थित भरारी की प्राथमिक शाला में जो नया उपद्रव शुरू हुआ है, वह विचलित करता है। इस प्रायमरी स्कूल के हेडमास्टर ने कथित रूप से विद्यार्थियों को बौद्ध धर्म को अपनाने की सीख दी। मौजूदा दौर में अधिकांश कुप्रथाएं हाशिए पर जा चुकी हैं। अंधविश्वासों के जंगल से भी अधिकांश लोग निकल आए हैं। रूढ़ियों और पाखण्डों को हर दिन कोई न कोई चुनौती दे रहा है। अब विधवाएं सफेद साड़ी नहीं पहनतीं, उनका पुनर्विवाह भी होता है। यज्ञोपवीत और शिखा का पूरी निष्ठा के साथ धारण करने वाले भी उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। लोग हनुमान मंदिर के बाहर खड़े होकर भी सीने पर क्रॉस बनाते हैं। युवा जोड़े मजारों पर जाते हैं। बड़ी संख्या में लोग साईं की भक्ति करते हैं और कुत्तों को बिस्किट खिलाते हैं। ऐसे में इस हेडमास्टर का उतावलापन समझ में नहीं आता। उसे किसी ने बौद्धों की संख्या बढ़ाने का ठेका दिया हो, यह बात गले से नहीं उतरती। तो क्या उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा फुंफकार रही है? क्या वो धर्म के नाम पर बवाल मचाकर स्वयं को बौद्धों का ठेकेदार घोषित करना चाहता है? छत्तीसगढ़ में जोगीमरा गुफा, सीताबेंगरा गुफा, सिरपुर, मल्हार और बलोदाबाजार के डमरू में बौद्धों की अच्छी खासी उपस्थिति रही है। बावजूद इसके छत्तीसगढ़ की आबादी में उनका प्रतिशत केवल 0.28 है।



## संपादकीय

### चांद पर साथ

पिछले सप्ताह जब मूनलैंडर 'स्लिम' चांद पर उतरा, तो जापान इस उपग्रह पर पहुंचने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया। स्लिम चांद के उसी दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है, जहां कुछ महीने पहले भारत का चंद्रयान-3 उतरा था। यानी चांद के इस क्षेत्र में अपने यान को उतारने वाला वह दूसरा देश बन गया है। कार के आकार जितने 200 किलोग्राम के स्लिम को जब चांद की सियोली खाई के पास उतारा गया, तो वैज्ञानिक समुदाय में चर्चा इस बात की हुई कि जापान ने आश्चर्यजनक रूप से जिस जगह यान को उतारना तय किया था, तकरीबन उसी जगह पर उतारा। तय जगह और उतरने वाली जगह का जो फर्क था, वह सौ मीटर भी नहीं था। इसके पहले तक यह फर्क आमतौर पर एक किलोमीटर से भी ज्यादा हो जाता था। सवाल यह उठा कि स्लिम की इतनी सटीक लैंडिंग कैसे संभव हो सकी? इसका जवाब अब मिला है। दरअसल स्लिम ने इसके लिए चंद्रयान-2 के आर्बिटर की मदद ली और उसकी तस्वीरों के सहारे वह सटीक जगह पर उतरने में कामयाब रहा।

> इस समय दुनिया के तकरीबन सभी विकसित देश किसी न किसी रूप में चंद्र अभियान चलाने की सोच रहे हैं। अनुमान यह है कि अगले दस साल में सौ से भी ज्यादा ऐसे अभियान शुरू हो सकते हैं। निजी कंपनियां भी इस क्षेत्र में उतर पड़ी हैं और स्पेस फाउंडेशन का आकलन कहता है कि चंद्र अभियान का यह पूरा कारोबार 546 अरब डॉलर का हो चुका है।

यहां इस बात का जिक्र जरूरी है कि चंद्रयान-2 का भारत का पूरा अभियान ठीक से चला था, लेकिन इसका लैंडर एकदम अंतिम समय में चंद्रमा की सतह पर ठीक से उतरने में नाकाम रहा था। हालांकि इसका आर्बिटर अभी भी चांद के चक्कर लगाता हुआ सक्रिय है और लगातार डाटा भेज रहा है। इन्हीं डाटा में वे तस्वीरें भी हैं, जिनकी मदद जापान के स्लिम ने ली। हालांकि, इस खबर का महत्व इसके तकनीकी ब्योरे में नहीं है। इसके पहले यह कब हुआ था कि किसी काम के लिए जापान को भारत की तकनीकी मदद लेने की जरूरत पड़ी हो? भारत के लोग लंबे समय से जापान की तकनीकी उलब्धियों के कायल रहे हैंऔर हमारे देश में न जाने कितने उद्योग और परियोजनाएं ऐसी हैं, जो जापान या वहां की कंपनियों के तकनीकी सहयोग से ही चल रही हैं। वैसे, स्लिम के मामले में जो हुआ, वह यह बताता है कि तकनीक की दुनिया में भारत की स्थिति कैसे बदल रही है। यह सच है कि बाकी क्षेत्रों के मुकाबले अंतरिक्ष क्षेत्र में जापान बहुत देरी से उतरा है। इस क्षेत्र में भारत का अनुभव काफी बड़ा है, लेकिन ऐसा कम ही होता रहा है कि खुद अपनी तकनीक विकसित करते समय जापान किसी अन्य देश की इस तरह से मदद लेता हो। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत और जापान का यह सहयोग कुछ और रास्ते भी खोल सकता है। इस समय दुनिया के तकरीबन सभी विकसित देश किसी न किसी रूप में चंद्र अभियान चलाने की सोच रहे हैं। अनुमान यह है कि अगले दस साल में सौ से भी ज्यादा ऐसे अभियान शुरू हो सकते हैं। निजी कंपनियां भी इस क्षेत्र में उतर पड़ी हैं और स्पेस फाउंडेशन का आकलन कहता है कि चंद्र अभियान का यह पूरा कारोबार 546 अरब डॉलर का हो चुका है। ऐसे में, भारत और जापान जैसे दो देशों का सहयोग इस बाजार के समीकरण बदल सकता है। लगभग तीन साल पहले चीन और रूस ने भी ऐसे ही सहयोग का समझौता किया था। उन्होंने संयुक्त अभियान का भी फैसला किया था, लेकिन यूक्रेन युद्ध शुरू हो गया और बात आगे नहीं बढ़ पाई। भारत और जापान इस बात को अब आगे ले जा सकते हैं। दोनों साथ आते हैं, तो यह एक बराबरी का सहयोग होगा। यह ध्यान देने की बात है कि ऐसे अभियान बहुत महंगे होते हैं, अतः सक्षम देश अगर मिलकर सौ प्रतिशत सफलता के लिए प्रयास करें, तो ज्यादा बेहतर है।

### लेफ्ट पार्टियां सिर्फ समस्या बढ़ा रही हैं

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में पहले माना जा रहा था कि सबसे ज्यादा समस्या ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल की वजह से होगी। ममता बनर्जी समस्या पैदा कर रही हैं लेकिन केजरीवाल सीट बंटवारे से लेकर परदे के पीछे से सीटों की एडजस्टमेंट या दोस्ताना लड़ाई के लिए भी तैयार हैं। उनके साथ कांग्रेस की बहुत अच्छी वार्ता चल रही है और चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में दोनों पार्टियों ने तालमेल कर भी लिया है। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा समस्या वामपंथी पार्टियों की ओर से पैदा की जा रही हैं। केरल छोड़ कर कहीं भी लेफ्ट पार्टियों का आधार नहीं बचा है लेकिन उनको हर जगह सीट चाहिए। लेफ्ट को ऐसे राज्यों में भी सीट चाहिए, जहां अपने अच्छे दिनों में भी वह कोई सीट नहीं जीतती थी। हो सकता है कि यह दबाव की राजनीति हो लेकिन इससे विपक्षी गठबंधन में कंफ्यूजन बन रहा है।

लेफ्ट ने बंगाल में ममता के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया है और केरल में वैसे भी सत्तारूढ़ गठबंधन यानी लेफ्ट मोर्चा और मुख्य विपक्षी यानी कांग्रेस मोर्चा में तालमेल ठीक नहीं होगा। सो, इन राज्यों में लेफ्ट गठबंधन से अलग है। बाकी राज्यों में उसके पास कोई राजनीतिक पूंजी नहीं है। फिर भी उसे हर जगह सीट चाहिए। सोचें, लेफ्ट पार्टियों ने हरियाणा में भी लोकसभा की सीट मांगी है। उन्हें राजस्थान में भी सीट चाहिए तो महाराष्ट्र में भी सीट चाहिए। लेफ्ट ने तेलंगाना में भी सीट मांगी है तो झारखंड में भी एक सीट की दावेदारी की है। बिहार में तो 10 सीटों की मांग करके लेफ्ट की पार्टियां कम से कम चार सीटों पर अड़ी हैं, जहां राजद और जदयू दो सीटें मुश्किल से निकाल पा रहे हैं। वैचारिक या सांगठनिक रूप से लेफ्ट किसी तरह का वैल्यू एडिशन विपक्षी गठबंधन में नहीं कर पा रहा है लेकिन सीट बंटवारे में उसकी वजह से बाधा आ रही है।

### ममता की है दबाव की राजनीति

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी क्या दबाव की राजनीति कर रही है या सचमुच उनका इरादा पश्चिम बंगाल में अकेले लड़ने का है? उन्होंने बुधवार को मीडिया के सामने आकर कहा कि वे राज्य की सभी 42 सीटों पर अकेले लड़ेंगी। उससे पहले उनकी ओर से कहा जा रहा था कि वे कांग्रेस को दो सीटें दे सकती हैं। उन्होंने कांग्रेस को उसकी जीती हुई बहरामपुर और माल्दा दक्षिण की सीट देने का प्रस्ताव दिया था, जिसे प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ममता बनर्जी की दया की जरुरत नहीं है। कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि अधीर रंजन चौधरी ने पार्टी आलाकमान को बताया कि पांच-छह सीटें तो वे अपने दम पर कांग्रेस को मजबूती से लड़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार जब भाजपा और तृणमूल के बीच आमने सामने की लड़ाई थी तब लेफ्ट का सफाया हो गया लेकिन कांग्रेस दो सीट जीतने में कामयाब रही। इस बार वे कांग्रेस की स्थिति बेहतर मान रहे हैं।

यही कारण है कि कांग्रेस घुटने नहीं टेक रही है। वह ममता बनर्जी की ओर से दिए जा रहे दो सीटों के प्रस्ताव को नहीं मानेगी। तभी कहा जा रहा है कि ममता ने दबाव की राजनीति के तहत आखिरी दांव चला है कि वे सभी सीटों पर लड़ेंगी। असल में उनके बयान से एक दिन पहले मंगलवार को सीपीएम ने कहा था कि अगर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में तृणमूल कांग्रेस के नेता शामिल होंगे तो सीपीएम उसमें हिस्सा नहीं लेगी। इसके बाद ही ममता ने नाराजगी जताई और यहां तक कह दिया कि कांग्रेस की ओर से उनको राहुल की यात्रा की सूचना नहीं दी गई है। हकीकत यह है कि मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दोनों ने ममता बनर्जी को आधिकारिक रूप से सूचना दी थी। लेकिन ममता को दबाव बनाना था तो उन्होंने कह दिया।

> अब नीतीश कुमार ने जिस तरह से पाला बदला है, उससे दो-तीन चीजें स्पष्ट हो गई हैं। पहला, इंडिया ब्लॉक के लिए यह बड़ा झटका है, उसे न सिर्फ बिहार में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान हुआ है। अवधारणा के तौर पर भी और चुनावी गणित के तौर पर भी देखें, तो यह बड़ा झटका है। इसका एनडीए को बड़ा फायदा होता दिखता है, क्योंकि यदि हम 2019 के चुनाव को देखें, तो एनडीए ने 40 में 39 सीटें जीती थीं, तब नीतीश कुमार एनडीए के साथ थे।

# बिहार में चुनाव से ठीक पहले ही बदलाव

संजय कुमार, प्रोफेसर, सीएसडीएस



बिहार की राजनीति ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले देश को चौंका दिया है। देश की राजनीति को अक्सर राह दिखाने वाले बिहार में जो ताजा उलट-पलट हुई है, उसके तीन प्रमुख कारण हैं। पहला बड़ा कारण तो यही है कि जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अच्छा अनुभव नहीं कर रहे थे। उन्हें यह लग रहा था कि उन्होंने महाविपक्षी गठबंधन बनाने की पहल की, तमाम विपक्षी नेताओं के बीच उनका कद बड़ा है, तो इंडिया ब्लॉक में उन्हें एक अहम स्थान मिलेगा। पिछले साल जून के महीने महागठबंधन के लिए शुरुआत करने के बाद कई महीने उन्होंने इंतजार किया, पर उन्हें लगने लगा था कि विपक्षी गठबंधन में दूसरे नेताओं की तुलना में उन्हें बड़ी हैसियत हासिल नहीं हो रही है, उन्हें न प्रधानमंत्री के चेहरे के रूप में देखा जा रहा है और न संयोजक का पद दिया जा रहा है, तब वह बेचैन हो गए।

वह मान रहे थे कि उनकी छवि चूंकि विपक्षी गठबंधन के बाकी नेताओं से अच्छी है, न भ्रष्टाचार का आरोप है, न परिवारवाद का दाग है, शासन में लगातार बने रहने का अनुभव भी है, तो उन्हें स्वाभाविक ही इंडिया ब्लॉक में आगे रखा जाएगा। वह मान रहे थे कि तमाम सियासी समीकरण उनके पक्ष में हैं, इसलिए इंडिया ब्लॉक उन्हें सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री पद के लिए आगे कर देगा, पर जब ऐसा होता नहीं दिखा, तब नीतीश कुमार ने अलग होने का फैसला कर लिया।

दूसरी बात, उन्हें लगने लगा कि ममता बनर्जी साथ नहीं दिखाई पड़ती हैं और वह कांग्रेस से भी नाराज हैं। सीटों के बंटवारे में भी देरी हो रही। उन्हें जब लगने लगा कि इंडिया ब्लॉक बहुत मजबूती से नरेंद्र मोदी का मुकाबला नहीं कर सकेगा,तब उन्होंने जाने का फैसला लिया। कुल मिलाकर, उन्हें लग गया कि विपक्षी गठबंधन में रहने से अब उन्हें कोई फायदा नहीं होगा, तो वह भाजपा के साथ आ खड़े हुए। भाजपा के साथ रहने से एक बात की तो गारंटी है कि वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे और केंद्र में भी भागीदारी मिल जाएगी।

तीसरी बात, जिसका जिक्र नीतीश कुमार बीच-बीच में करते हैं, हालांकि, उसे मैं बहुत अहमियत नहीं देता। वह फिर भ्रष्टाचार और परिवारवाद की चर्चा कर चुके हैं। वैसे भी, लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल पर इन आरोपों के बावजूद वह दो बार साथ खड़े हो चुके हैं। खैर, आने वाले दिनों में यही कहा जाएगा कि इंडिया ब्लॉक में तवज्जो न मिलने की वजह से ही नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला है।

अब नीतीश कुमार ने जिस तरह से पाला बदला है, उससे दो-तीन चीजें स्पष्ट हो गई हैं। पहला, इंडिया ब्लॉक के लिए यह बड़ा झटका है, उसे न सिर्फ बिहार में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान हुआ है। अवधारणा के तौर पर भी और चुनावी गणित के तौर पर भी देखें, तो यह बड़ा झटका है। इसका एनडीए को बड़ा फायदा होता दिखता है, क्योंकि यदि हम 2019 के चुनाव को देखें, तो एनडीए ने 40 में 39 सीटें जीती थीं, तब नीतीश कुमार एनडीए के साथ थे। नीतीश कुमार अगर साथ नहीं आते, तो इस बार एनडीए को निश्चित रूप से नुकसान होता। भाजपा को पिछली बार 17 सीटें मिली थीं, इस बार वह इतनी ही सीटों पर जीतती दिख रही थी, पर नीतीश कुमार के साथ आने से निश्चित ही एनडीए को मजबूती मिली है। नीतीश कुमार की पार्टी एनडीए में भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी बन गई है। अब भाजपा को यह फायदा होता दिख रहा है कि कमंडल तो साथ था ही, अब मंडल भी साथ आ गया है। जिस प्रकार से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ है, उससे भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है। जिस तरह से भाजपा ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न का ऐलान किया है और अब जब नीतीश कुमार साथ आ जाएंगे, तो भाजपा को ओबीसी वोटों का भी बहुत फायदा होगा।

पिछले चुनावों को अगर देखें, तो लोअर ओबीसी का वोट काफी हद तक भाजपा की झोली में गया था। अब जब जद-यू और भाजपा साथ आ गए हैं, तो उनका मत प्रतिशत बढ़ेगा। एनडीए को आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़त मिलेगी। अब भाजपा की अपनी सीटें बढ़ने की गुंजाइश भी बढ़ गई है।

दूसरी ओर, इंडिया ब्लॉक को अब बिहार में सीटों की तो ज्यादा उम्मीद नहीं होगी और मत प्रतिशत का भी नुकसान होगा। इंडिया ब्लॉक में राजद, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां ही रह गई हैं। इसी तरह का गठबंधन यूपीए के रूप में पिछले चुनाव में भी था, जिसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इस बार भी वैसी ही स्थिति बनती दिख रही है। जो नेता कप्तान बनता दिख रहा था, वही टीम छोड़कर चला गया। जो लोग इंडिया ब्लॉक से उम्मीद लगाए हुए थे, उनका मनोबल कम हो जाएगा। ध्यान रहे, हारती दिख रही टीम को जनता भी वोट देने से बचती है। उधर, ममता बनर्जी ने ऐलान कर ही दिया है कि अलग चुनाव लड़ेंगी। आम आदमी पार्टी ने भी इशारा कर दिया है कि पंजाब में सीटों का बंटवारा नहीं होगा, तब ऐसे इंडिया ब्लॉक से लोग कितनी उम्मीद लगाएंगे?

हां, राजद अपना अधिकतम 28 या 30 वोट प्रतिशत बचाए रख सकती है, पर सीटों के नजरिए से उसे फायदा मुश्किल लगता है। हो सकता है, इंडिया ब्लॉक अब भी बिहार में 40 प्रतिशत तक वोट ले आए, पर एनडीए 50 से 60 प्रतिशत वोटों तक पहुंच सकता है। 37 प्रतिशत लोअर-ओबीसी है, अगर सवर्ण वोट को 13 प्रतिशत भी मान लें, तो 50 प्रतिशत हो जाता है। अपर-ओबीसी के भी अगर 8 प्रतिशत वोटों पर ध्यान दें, तो यह भी एनडीए को मिल सकता है। चिराग पासवान की पार्टी के साथ ही जीतन राम मांझी की पार्टी भी एनडीए के साथ है। बेशक, ज्यादातर जातियों के वोटों में नए सिरे से गोलबंदी हो सकती है, पर ज्यादा फायदा एनडीए को होगा। इंडिया ब्लॉक 35 प्रतिशत वोटों को लुभाने की कोशिश करेगा और एनडीए की निगाह 65 प्रतिशत वोटों पर होगी, अतः जब इंडिया ब्लॉक का आधार सिमट गया है, तब उसे बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। एनडीए बिहार में आगामी चुनाव में 50 प्रतिशत वोट के करीब दिखाई देने लगा है।

खैर, चुनावी समीक्षा जारी रहेगी। नीतीश कुमार तीसरी बार भाजपा के साथ आए हैं। जब वह राजद का साथ छोड़ दूसरी बार भाजपा के साथ आए थे, तब उसके पीछे ज्यादा मजबूत कारण थे, जिन्हें लोगों ने भी स्वीकार किया था, पर इस बार उनके बताए कारणों को लोग कैसे लेते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सोशल मीडिया पर बहुत आगे निकल गई सेल्फी की आदत

विवेक कौल, आर्थिक विशेषज्ञ व लेखक



प्रभादेवी-दादर समुद्र तट मुंबई में इतना प्रसिद्ध समुद्र तट नहीं है, पर हाल के वर्षों में कुछ बदल गया है। इस गंदे समुद्र तट पर भी अधिक लोग सेल्फी खींचते हैं और रील बनाते हैं, सर्दियों के महीनों में बांद्रा-वर्ली सी-लिंक और मुंबई का प्रसिद्ध बैंगनी सूर्यास्त एक शानदार पृष्ठभूमि मुहैया कराता है। समुद्र तट पर फेंकी गई गंदगी इन तस्वीरों और रीलों में शायद ही दिखाई देती है।

वास्तव में, ऐसे फोटोग्राफर और रील बनाने वाले न केवल इस विशेष सागर तट पर, बल्कि हर उस जगह पर उमड़ आए हैं, जो सुंदर हैं। ऐसे लोग उस क्षण की सुंदरता का अनुभव करने के बजाय, हरसंभव कोण से तस्वीरें लेने और रील बनाने में व्यस्त देखे जाते हैं। वे अपने अनुभव के प्रति सजग रहने के बजाय दस्तावेजीकरण में अधिक रुचि रखते हैं। एक बार दस्तावेजीकृत होने के बाद, सेल्फी फोटो, वीडियो, रील को विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रकाशित किया जाता है, जैसे एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यहां तक कि लिंक्डइन पर भी।

हम एक ऐसे दौर में रहने लगे हैं, जहां लोगों को लाइक, कमेंट की ज्यादा चिंता होने लगी है। जहां वे जाते हैं, उस जगह को महसूस करना कम होता जा रहा है। जाहिर है, ऐसा सस्ते इंटरनेट के साथ-साथ स्मार्टफोन के बढ़ते चलन के कारण हुआ है।

दरअसल, किसी अनुभव का दस्तावेजीकरण और उस पर चर्चा करना अब केवल तस्वीरों तक ही सीमित नहीं है। यह ट्रेंड लिंक्डइन पर भी दिख रहा है। अब पोस्ट ज्यादा महत्वपूर्ण हैं, अनुभव नहीं। इसका एक असर कॉरपोरेट नौकरीधारकों के प्रोफाइल और बायोडाटा में साफतौर पर देखा जा सकता है। बायोडाटा में हमेशा अपने बारे में बात की जाती है, दिखावा नजर आता है, ऐसे में, मुमकिन है कि जो लोग केवल अपने काम के प्रति ईमानदार होंगे, वे हार जाएंगे। नियुक्ति करने वालों को तेज बनना पड़ेगा, ताकि वे गेहूं को भूसी से अलग कर सकें।

जैसा कि ऐलिस शेरवुड ने कहा है, प्रौद्योगिकी का उपयोग वास्तव में जालसाजी की ताकतों को बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। ऑनलाइन पोस्ट करने के लिए खाने से पहले रेस्तरां में खाद्य व्यंजनों को क्लिक करना भी अब एक घटना है। विवाह पूर्व फोटो शूट का चलन भी बढ़ गया है। विवाह का वास्तविक अनुभव सामने आने से पहले ही, सोशल मीडिया पर दिखावे से चीजें कितनी अच्छी दिख रही हैं, यह जान लेना लोगों को ज्यादा जरूरी लगने लगा है। यह विवाह समारोहों और विवाह व्यवसाय मॉडल के लिए जरूरी हो गया है। बेशक, शादी के बाद हनीमून की तस्वीरें भी जरूरी हैं। अब तो कुछ भी व्यक्तिगत नहीं लगता है।

ऐसे अनेक वित्तीय रूप से प्रभावशाली हो चुके लोग हैं, जो शेयर बाजार की लहरों पर सवार होकर दुनिया को बताते हैं कि अमीर बनना कितना आसान है। उन्हें लगता है कि अमीर बनने का तरीका केवल उन्हें पता है। वास्तव में हो यह रहा है कि हमारी इच्छाओं के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

सोशल मीडिया के उदय से पहले एक खिलाड़ी, एक अभिनेता, एक संगीतकार या यहां तक कि एक राजनेता भी आदर्श हो सकता था, पर फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के उदय ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी है, जहां दुनिया में हर कोई एक संभावित मॉडल है। सोशल मंचों पर कुछ मॉडल तो ऐसे उभर आए हैं, जो सामाजिक रूप से बहुत गरीब हैं।

दिखावा करना प्रामाणिकता का संकट पैदा कर रहा है। वास्तविक क्या है? क्या नहीं है? दूसरा, जैसा कि शेरवुड कहते हैं, सोशल मीडिया पर एक आदर्श जीवन का दिखावा करने का दबाव है। इसमें दूसरी ओर घास हमेशा हरी दिखाई देती है, जो मानसिक सेहत के लिए अच्छा नहीं है। शेरवुड चेताते हैं, अपनी आंखों पर कतई विश्वास न करें, बल्कि यह याद रखें कि आप वही देख रहे हैं, जो आप देखना चाहते हैं, न कि वह, जो वास्तव में है।

एक पहलू यह भी है कि सोशल मीडिया पर प्रभावशाली लोगों की भीड़ बढ़ने के साथ प्रतिस्पर्द्धा उनकी सामग्री में किसी भी अंतर को खत्म कर दे रही है। भेड़चाल बढ़ रही है और अनुभव कहीं खो जा रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# विपक्ष के आकुल लपोरीलालों की ना-लायकी



पंकज शर्मा

विपक्षी दलों को एकमंचीय करने और उन्हें एकाकार बनाए रखने की प्रक्रिया अगर सोनिया की सीधी रहनुमाई में चली होती तो इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों की संख्या 28 से कहीं ज्यादा होती। मैं अपनी प्रामाणिक निजी जानकारी के आधार पर कह रहा हूं कि ठोस सियासी जनाधार रखने वाले कई राजनीतिक दल अभी भी ऐसे हैं, जो न इधर हैं, न उधर और जिन्हें मलाल है कि इंडिया-समूह की तरफ से उन से कायदे के किसी व्यक्ति ने संपर्क ही नहीं किया। नरेंद्र भाई मोदी हम पर राज करने के कितने लायक हैं, कितने नहीं, इस पर तो बात तब करें, जब विपक्ष अपनी ना-लायकी से बाज आए। वे सब, जो नरेंद्र भाई के एकलखुरेपन से निजात चाहते हैं, आखिर किस प्रतिस्थापन के भरोसे अपनी हड्डियों का दान करें? 28 राजनीतिक दलों के उस इंडिया-समूह के सहारे, जिस में ख़ुद ही सब एक-दूसरे का सहारा नहीं बन पा रहे हैं? जो दमड़ी के चक्कर में अपनी चमड़ी गंवाने को अक्लमंदी समझ रहा है? जिस के अश्वमेधी रथ के तमाम दिग्गज अपने को एक-दूसरे से बड़ा लपोरीलाल साबित करने में लगे हुए हैं?

दिग्गज, दिग-गज होते हैं। हमारे पुराण कहते हैं कि दिग-गज वे आठ हाथी हैं, जो आठों दिशाओं में पृथ्वी की रक्षा के लिए स्थापित किए गए हैं। पूर्व में ऐरावत, पश्चिम में अंजन, उत्तर में सार्वभौम और दक्षिण में वामन। इन के अलावा पूर्वदक्षिण कोने में पुंडरीक, दक्षिणपश्चिम में कुमुद, पश्चिमउत्तर कोने में पुष्पदंत और उत्तरपूर्व कोने में सुप्रतीक। इंडिया-समूह के दिग्गजों- नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव, ममता बनर्जी, सीताराम येचुरी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, शरद पवार और मल्लिकार्जुन खड़गे में से मुझे तो ज्यादातर ऐसे लगते हैं, जो विपक्षी-पृथ्वी की रक्षा में कम, अपनी-अपनी दिशाओं का द्वारपाल बने रहने के लिए ज्यादा आतुर दिखाई दे रहे हैं।

तो ऐसे में सिंहासन को हर हाल में, हर हथकंडा अपना कर, अपने कब्जे में बनाए रखने को व्याकुल नरेंद्र भाई के प्रतिकार के लिए, हम पिद्दी-पिद्दी आकांक्षाओं को मुट्ठीबंद करने के लिए उतने ही आकुल चेहरों पर, अपना सर्वस्व कैसे उंडेल दें? ख़ुद की साख पर ख़ुद ही बट्टा लगाने में लगे इंडिया-समूह के कुछ सूत्रधारों की सियासी कामवासना का ओछापन देख-देख कर मैं तो पिछले कुछ दिनों से अवसन्नता के सागर में डूब-उतरा रहा हूं। मुझे चिंता इन चिरकुटी-चेहरों की नहीं, इस बात की है कि अगर सकल-विपक्ष के एकमंचीय होने का यह मौजूदा प्रयास नाकाम रहा तो भारवासियों का विश्वास आने वाले दस-बीस बरस के लिए समूचे विपक्ष से उठ जाएगा।

समूचे यानी समूचे। अगर अखिल भारतीय उपस्थिति वाले किसी विपक्षी राजनीतिक दल को यह ख़ामख़्याली हो कि लोग सिर्फ क्षेत्रीय दलों के खामखवाह विराट हो गए बौने क्षत्रपों को इस पाप का भागी मानेंगे और इस से अंततः एक दिन आएगा कि उस की झोंपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे तो दिमाग के ये जाले साफ होने में देर नहीं लगेगी। लोग मानते हैं कि विपक्ष की जाजम पर जिस की जितनी हिस्सेदारी है, उस की उतनी ही जिम्मेदारी भी है। भारतीय समाज में छोटों की तो बड़ी खताएं भी माफ हो जाया करती हैं, मगर बड़ों की छोटा-सा कुसूर भी उन के लिए बरसों का नासूर बन जाता है। सो, ऐसा कभी नहीं होने वाला है कि विपक्षी मंडलेश्वरों से निराश लोग इसलिए किसी महामंडलेश्वर की शरण में चले जाएंगे कि उस के सिर पर जरा बड़ा और दैशिक छत्र तना हुआ है। विश्वास के संकट का सैलाब आएगा तो सब-कुछ अपने साथ बहा ले जाएगा।

इवीएम के बटन नरेंद्र भाई मोदी की उंगलियों के इशारे पर नाचते हैं या नहीं, मुझे नहीं मालूम। अगर नाचते हैं, इसलिए वे दस साल से हमारे कंधों पर सवार हैं तो उन की इस बैताली को सलाम कीजिए। अगर नहीं नाचते हैं, फिर भी वे दस बरस से लगातार चुनावी समर्थन की सीढ़ियां दौड़-दौड़ कर चढ़ रहे हैं तो उन के परिश्रम और ऊर्जा का अभिनंदन कीजिए। दोनों ही स्थितियों में नरेंद्र भाई के गले से जयमाला निकालने के लिए क्या किसी के पास कोई जुगत है? उन की बैताली का तोड़ पहले तो आप लाएंगे कहां से और अगर ले भी आए तो आप की गुहार सुनने वाले कान कहीं हैं क्या? उन की मेहनत और जोश का पहले तो कोई जवाबी पोस्टकार्ड आप के पास है नहीं और अगर यह खत आप ने रच भी लिया तो उसे यार-ए-बाम तक ले जाने वाले कबूतर कहीं हैं क्या? दस-बीस साल से अपनी सियासी टोलियों में जिन्होंने लिपिक भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियां की हैं, वे रातोंरात पैदल सैनिकों को कैसे जन्म दे देंगे?

इसलिए नीतीश कुमार अगर बीच-बीच में अपना मटमैलापन नहीं भी दिखाते, ममता बनर्जी कोप भवन के भीतर-बाहर नहीं भी हो रही होतीं, अरविंद केजरीवाल फूफागिरी नहीं भी कर रहे होते और अखिलेश यादव के कदम गाहे-ब-गाहे नहीं भी लड़खड़ा रहे होते तो भी क्या इंडिया-समूह 2024 की गर्मियों में रायसीना पर्वत पर अपना ध्वज वंदन कर लेता? शायद नहीं कर पाता। मगर अगर यह बेसुरा कमरमटक्का नहीं हो रहा होता तो हर जगह साझा प्रत्याशी खड़े करने के बावजूद लोकसभा चुनाव में उसे जो भी डेढ़-दो सौ सीटें मिलतीं, कम-से-कम इज़्जत से तो मिलतीं। इन दिनों चल रहे प्रहसन के बाद तो केंद्र में विपक्ष की सरकार भी बन जाए तो वह अगर-मगर-किंतु-परंतु के चीथड़ों में ही लिपटी दिखाई देगी। मैं अब भी यह तो नहीं कहूंगा कि कांग्रेस एक बड़ा मौका पूरी तरह चूक गई है। लेकिन यह जरूर है कि वह एक अहम अवसर खो रही है। मुट्ठी से फिसल रही रेत को थामने की संजीदा कोशिश अगर वह आज से भी आरंभ कर दे तो इंडिया-समूह बदशक्ल होने से बच सकता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### असम में भाजपा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विवादास्पद स्थिति पैदा की - अलका लांबा

**रायपुर।** मणिपुर से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब असम पहुंची तब वहां के भाजपा नेताओं ने यात्रा के दौरान जानबुझकर विवाद पैदा करने की कोशिश की। भाजपा की केन्द्र सरकार श्री गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से भयभीत है। यात्रा के दौरान जनसमूह का मिल रहा समर्थन कांग्रेस की नीतियों पर जनमुहर है। उक्ताशय की जानकारी अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने पत्रकारवार्ता में दी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आई हुई है। इस दौरान प्रेसवार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का हमें सौभाग्य भी मिला। छत्तीसगढ़ में मैं कल भी रहूंगी। इसके बाद परसो रांची जाऊंगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि कुल 5 दिनों तक छत्तीसगढ़ में यात्रा चलेगी। प्रदेश के 7 जिलों से यात्रा गुजरेगी. असम पहुंचते ही विवाद की स्थिति भाजपा ने पैदा करने की कोशिश की, राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका गया। इस दौरान छात्रों से भी मिलने नही दिया गया फिर छात्र खुद बाहर आकर राहुल गांधी से मिले। 8 दिन की यात्रा में उनका सहयोग मिला। असम की जनता के दम पर असम में यात्रा सम्पन्न हुई। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के 5 स्तंभ है। जिसमें युवा, भागीदारी, नारी, किसान और श्रमिक न्याय है। न्याय का हक मिलने तक राहुल की यात्रा चलेगी।

### कलेक्टर ने शक्कर कारखाना करकाभाट में किया दाल-भात केंद्र का शुभारंभ

**बालोद।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना करकाभाट में 26 जनवरी को दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि शक्कर कारखाना परिसर करकाभाट में शुरू किए गए इस दाल-भात केंद्र में कारखाना में आने वाले मजदूरों एवं आम नागरिको को बहुत ही कम दर पर बेहतर खाना उपलब्ध कराया जाएगा। कारखाना के मजदूरों के द्वारा लगातार शक्कर कारखाना परिसर में दाल-भात केंद्र खोलने की मांग की जा रही थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर ने 26 जनवरी को दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं गन्ना किसान संघ के पदाधिकारियों ने दाल-भात केंद्र परिसर में वृक्षरोपण भी किया।

### कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहारपुर। स्वास्थ्य केंद्र मे डॉक्टर और स्टाफके संबंध में ली जानकारी। 10 बिस्तरीय पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी का किया निरीक्षण। एनआरसी की बिल्डिंग मे पानी व्यवस्था, लाइट व्यवस्था और फॉल सीलिंग व स्ट्रक्चर की अन्य कमियों को चिन्हित कर आरईएस के अभियंता को आवश्यक सुधार के लिए किया निर्देशित। कलेक्टर ने एनआरसी भर्ती रजिस्टर का भी अवलोकन किया जिसमें डाटा प्रविष्टि को लेकर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्टर में भर्ती किए गए बच्चों के वजन का सही ब्यौरा डालने के लिए उपस्थित संबंधित को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला बाल विकास अधिकारी तथा सीएमएचओ को जिले में संचालित सभी से एनआरसी का नियमित निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिया।

# आदिवासी समाज के बेटे को मुख्यमंत्री का दायित्व मिलना पूरे कंवर समाज का सम्मान: विष्णु देव साय

श्रीकचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि आदिवासी समाज के बेटे को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व मिलना पूरे कंवर समाज का सम्मान है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कंवर समाज के एक छोटे से कार्यकर्ता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा है। मैं कंवर समाज की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। यह दायित्व मिलना कंवर समाज के साथ-साथ पूरे आदिवासी समाज का सम्मान है। मुख्यमंत्री साय राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर कंवर समाज द्वारा मुख्यमंत्री साय को "कंवर गौरव" सम्मान दिया गया। मुख्यमंत्री साय ने टाटीबंध में कंवर समाज के भवन के विस्तार के लिए 50 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।






मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मेरे लिए आज बड़ी खुशी का दिन है। कंवर समाज ने मुझे कंवर गौरव से सम्मानित किया है, इसके लिए मैं पूरे समाज का बहुत आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं यहां आप सभी से आशीर्वाद और सहयोग मांगने आया हूं क्योंकि हमारे प्रधानमंत्री और प्रदेश की जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है इसे निभाने के लिए आप सभी का सहयोग और समर्थन चाहिए ताकि मैं इस पद की गरिमा, विश्वास और उम्मीद पर खरा उतर सकूं।

उन्होंने कहा जिस तरह समाज ने मेरा सम्मान किया है उससे मुझे विश्वास हो गया है कि इस पद का दायित्व निभाने में मुझे आप सभी का पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समाज में अनेक विभूतियां हुई हैं, जिन्होंने पूरे समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने परम पूज्य गहिरा गुरू का स्मरण करते हुए कहा कि गहिरा गुरू ने रामायण की शिक्षा देकर समाज के लोगों को मांस और मदिरा से दूर किया। इसी का परिणाम है कि वनवासी समाज आर्थिक, शैक्षणिक, सामाजिक रूप से आगे बढ़ा। उन्होंने काका लरंग साय को नमन करते हुए कहा कि उनकी वजह से हमारा समाज राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ा है। मध्य प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री प्यारेलाल कंवर जी को याद करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और स्नेह उन्हें हमेशा मिला। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार को सिर्फ डेढ़ महीने हुए है लेकिन इस कम समय में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने में हमारी सरकार ने अपना प्रयास शुरू कर दिया है। 13 दिसम्बर को हमारी सरकार ने शपथ ली और इसके दूसरे दिन ही 14 दिसम्बर को हमने कैबिनेट में निर्णय लिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 18 लाख आवासहीन परिवारों का मकान बनाना है। 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3716 करोड़ रूपए की बकाया बोनस राशि उनके खातों में अंतरित कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ पीएससी में जो घोटाला हुआ था, इसकी जांच का काम हमने सीबीआई को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में हमारी सरकार ने जितने भी वादे किए हैं, इन सभी वादों को पूरा करने के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। हम इन पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ की जनता से किया गया हर वादा पूरा करेंगे। हाल ही में अयोध्या में हम सबके आराध्य श्री रामलला विराजे हैं। मोदी की गारंटी में हमारा एक वादा यह भी है कि छत्तीसगढ़ की जनता को सरकारी खर्च में रामलला के दर्शन कराएंगे।

अखिल भारतीय कंवर समाज की अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या विष्णु देव साय ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब एक आंगन, एक छत के नीचे खुशियां बांटने के लिए एकत्रित हुए हैं। आप सभी के स्नेह और प्यार की वजह से आज साय जी मुख्यमंत्री के पद पर विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि हमें अच्छा कर्म करना है तो धर्म से जुड़े रहना होगा। प्रभु श्रीराम कल भी थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। धर्म के पथ पर चलकर ही हम कंवर समाज का अस्तित्व बचाए रख सकते हैं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि समाज के युवा न केवल अपनी परंपराओं से जुड़े हैं बल्कि उसका निर्वहन भी कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री नंद कुमार साय ने कहा कि मैंने आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग की थी जो अब पूरी हो गयी है। मैं मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन करता हूं, इन्हें जो दायित्व मिला है उसमें मुख्यमंत्री जी सफल हो। पूर्व मंत्री श्री ननकीराम कंवर ने कहा कि समाज के लोगों में नशे के प्रति जागरूकता आए तो समाज और ज्यादा तरक्की करेगा। कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री हरवंश मिरी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

उन्होंने कहा कि सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाले सरल, सहज व्यक्तित्व के धनी मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास करेगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में कंवर समाज के लोग स्व-स्फूर्त देश के अलग-अलग हिस्सों से यहां पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री का समारोह स्थल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए नर्तक दलों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से समा बांध दिया। कंवर समाज के पदाधिकारियों ने सामाजिक परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री को मांदर भेंट किया और गजमाला से उनका स्वागत किया। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों से आए समाज प्रमुखों की ओर से उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और युवाओं ने उन्हें स्केच भी भेंट किया। इस मौके पर युवाओं द्वारा कंवर समाज के प्रसिद्ध बार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने कंवर समाज के पुरोधाओं को नमन कर उनका आशीर्वाद लिया।

**कंवर समाज के युवा हुए सम्मानित:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समारोह में कंवर समाज के उत्थान में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर कंवर वार्षिक कैलेण्डर 2024 और सामाजिक पत्रिका हरिहर मड़वा - भाग दो का विमोचन किया।

# वायु सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए अधिक से अधिक पात्र युवाओं का कराएं पंजीयन : कलेक्टर

श्रीकचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित अग्निवीर भर्ती में शामिल होकर देश सेवा करने का सुनहरा अवसर युवाओं को मिल रहा है। अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। 6 फरवरी 2024 तक इसका ऑनलाइन पंजीयन किया जाएगा। इसी संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज सभी सीईओ और सीएमओ की ऑनलाइन बैठक लेकर जिले के अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीयन अग्निवीर भर्ती में सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मुनादी तथा पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स के माध्यम से प्रचार प्रसार कर वृहद जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिससे अग्निवीर भर्ती की जानकारी सभी युवाओं तक पहुंच सके और अधिक से अधिक पात्र युवा भर्ती में शामिल हो सके। उन्होंने अग्निवीर भर्ती के लिए अधिक से अधिक युवाओं का चिन्हांकन कर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले कॉलेजों में भी प्रचार अभियान चलाने को निर्देशित किया। कलेक्टर अग्रवाल ने इसके अलावा विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के युवाओं को भी अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। इस दौरान वीसी बैठक में अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई सहित सभी जनपद पंचायत के सीईओ और सभी नगरीय निकायों के सीएमओ मौजूद रहे।

अग्निवीर बनने की पात्रता - वायु सेना के अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन परीक्षा 17 मार्च 2024 को आयोजित की गई है। ऑनलाईन परीक्षा में शामिल होने के लिये उम्मीदवारों को 6 फरवरी 2024 तक वायुसेना के वेबसाईट डब्ल्यूडब्लयूडब्ल्यू डॉट अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन में जाकर पंजीयन करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार केवल अविवाहित महिला एवं पुरुष होना चाहिए। आवेदक का जन्म 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच होना चाहिए। चयन की स्थिति में 21 वर्ष आयु होना चाहिए। अग्निवीर भर्ती के लिए योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय, राज्य की शिक्षा बोर्ड एवं संस्था से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय के साथ कक्षा बारहवीं 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक भी होना चाहिए। या त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट 12वीं परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार की उंचाई पुरूष हेतु 152.50 सेमी. महिला हेतु 152 सेमी. होना चाहिए। सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी. होना चाहिए। वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में होना चाहिए। सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 04 वर्ष के लिए चयन किया जायेगा तथा अग्निवीर भर्ती के नियमानुसार वेतन एवं अन्य भत्ता देय होगा। जिसमें प्रथम वर्ष 30 हजार रूपये एवं भत्ता, द्वितीय वर्ष 33 हजार रुपए, तृतीय वर्ष 36 हजार 500 रुपए एवं चतुर्थ वर्ष 40 हजार रुपए एवं भत्ता की राशि देय होगी। 04 वर्ष की सेवा उपरांत सेवा निधि पैकेज अग्निवीर को 10 लाख 4 हजार रुपए ब्याज सहित दी जायेगी, जो आयकर से छूट योग्य रहेगी।

## कलेक्टर शर्मा ने किया एसडीएम, तहसील कार्यालय, सीएमएचओ, आईटीआई और नगर पालिका कार्यालयों का निरीक्षण

श्रीकचनपथ न्यूज

बेमेतरा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय, तहसील, ज़िला मुख्य। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय, पुराना कलेक्ट्रेट भवन और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया।

उन्होंने इन सब कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उपस्थित कर्मचारियों से भी बातचीत की। तहसील में जारी मरम्मत कार्यों के निरीक्षण के आगामी लोकसभा निर्वाचन कु ध्यान में रख जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली तथा तेज़ी से शुद्धतापूर्वक, कार्य समय पर पूरा किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने तहसील में आम लोगों के राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा कार्यालय में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की स्थिति, कार्यालय प्रबंधन, साफ-सफाई का भी जायजा लिया। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन कि तैयारियों के संबंध में एसडीएम सुश्री सुरुचि से चर्चा की।' कलेक्टर रणबीर शर्मा ने तहसील कार्यालय के समस्त रिकार्ड रूम का मूल्यांकन करने तथा राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय एवं दण्डाधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह ने लम्बित प्रकरणों का निराकरण के साथ ही सीमांकन, भू-आबंटन, भू-अर्जन आदि के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया।'

# क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध

श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज रविवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम सुहेला में करीब 63 लाख की लागत से बनने वाले तहसील कार्यालय भवन का भूमिपूजन तथा विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही सुहेला के तिगड्डा चौक में भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया।



मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि तहसील कार्यालय भवन का आज भूमिपूजन किया गया है, जिसका निर्माण तय समय मे पूरा होगा। हमारी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास में नया अध्याय लिखेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे सुहेला विकास का केंद्र बनेगा। कई नए शासकीय कार्यालय खुलेंगे। इसके लिए शासकीय जमीनों को बचाकर रखना होगा। अतिक्रमण बिल्कुल भी नही होने देना है। अवैध शराब के बिक्री और परिवहन में सख्ती से कार्यवाही होगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राकेश वर्मा ने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए सबको आगे आना होगा। सुहेला का विकास होगा तो इसके आस-पास के गांवों का भी विकास होगा। इसलिए हम सबको इसके लिए मिलकर प्रयास करना है।

इन कार्यों हुआ लोकर्पण

राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरीय वार्ड का निर्माण, साहू सामुदायिक रंगमंच का निर्माण, तिगड्डा चौक में व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स, खल्लारी मंदिर परिसर में शेड निर्माण, शासकीय प्राथमिक शाला सुहेला का जीर्णोद्धार कार्य, तिगड्डा चौक में सामुदायिक शौचालय निर्माण, डिजिटल एक्सरे कक्ष निर्माण, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में रंगमंच निर्माण, दुर्गोत्सव मैदान में रंगमंच निर्माण, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुहेला में खाद गोदाम एवं अहाता निर्माण शामिल है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आदिति बघमार,जनपद सदस्य श्रीमती सरोजिनी बघमार, सरपंच श्रीमती सविता संतोष वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी तथा बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# शिक्षा से ही समाज और देश की उन्नति संभवः मुख्यमंत्री साय

## ■ मैक कार्निवल वार्षिकोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के समता कॉलोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में आयोजित मैक कार्निवल वार्षिकोत्सव 2023-24 थीम संस्कार में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भारत की प्राचीनकाल से ही शिक्षा के क्षेत्र में विश्वगुरु के रूप में विशिष्ट पहचान रही है। यहां पर तक्षशिला, नालंदा जैसे विश्वविद्यालय मौजूद थे, जहां दुनिया भर से लोग ज्ञान प्राप्त करने आते थे।



उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। किसी भी देश और व्यक्ति का विकास शिक्षा के बिना नहीं हो सकता है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज हम मोदी की गारंटी को तेजी से लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश आज योग, आध्यात्म और आयुर्वेद के क्षेत्र में अग्रणी है।

मुख्यमंत्री साय ने महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के ट्रस्टियों से इस तरह के संस्थान बस्तर, जशपुर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में भी खोलने का आग्रह किया, ताकि इसका लाभ दूर-दराज अंचल के युवाओं को भी मिल सके। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में बच्चे अपना भविष्य बनाने आते है। शिक्षा के साथ संस्कार भी हो तो वह देश का एक अच्छा नागरिक बन सकता है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों का मन, बुद्धि, शरीर और आत्मा का विकास होना चहिए। वह जिस भी क्षेत्र में जाना चाहता है अगर वहां पूरी तन्मयता के साथ लग जाय तो उसे उसकी मंजिल मिल ही जाती है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कॉलेज की तरफ से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं सहित कर्मचारियों एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज के ट्रस्टी महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, चत्रुभूज अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, सुरेश गोयल, विरेंद्र अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, आत्मबोध अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित अन्य ट्रस्टी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राओं सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## अच्छी शिक्षा ही उन्नत और समृद्ध राष्ट्र की बुनियादः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन के कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि शिक्षा से ही परिवार समाज और उन्नत और समृद्ध राष्ट्र की नींव रखी जा सकती है। यह कार्य हमारे शिक्षक करते हैं इसलिए उन्हें गुरू का दर्जा दिया गया है। हम सबको मिलकर शिक्षा के स्तर को उन्नत करना है। मुख्यमंत्री साय राजधानी रायपुर के राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों के शिक्षक एवं कर्मचारी के सम्मेलन-सह-सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए नई शिक्षा नीति लाए है। नईं शिक्षा नीति से बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के साथ ही शिक्षकों को उनका अधिकार और



सम्मान मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के संयुक्त राष्ट्र के सभा में दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी जी ने भाषण में अपने देश के लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि उन्होंने सभी देशों को योग को नियमित जीवन में अपनाने की अपील कर भारत का विश्व गुरू बनने की दिशा में एक पहल की है। उन्होंने कहा कि वे अशासकीय स्कूलों की समस्याओं से अवगत हैं, उन्होंने स्वयं अनुदान प्राप्त स्कूलों में पढ़ाई की है। उन्होंनें कहा कि अनुदान प्राप्त शिक्षकों के सभी मांगों को विधिसम्मत पूरा किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अनुदान प्राप्त शिक्षकों कहा कि किसी के साथ भेद-भाव नही होंगा सबकों सबका अधिकार मिलेगा। उन्होंने शिक्षकों की मांग पर आगामी तीन माह में आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में आगामी सत्र से पहला परेड योग व नैतिक शिक्षा और अंतिम क्लास खेल का होगा। उन्होंने शिक्षकों से बेहतर शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ औषधीय एवं पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं समाज सेवी रामप्रताप सिंह, संगठन के अध्यक्ष संजय दुबे सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर के अनुदान प्राप्त अशासकीय स्कूलों के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।



## कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन ग्रीन अवार्ड के लिए तैयारी शुरू

6 फरवरी तक गूगल लिंक में बिल्डर या वेलफेयर सोसाइटी को देनी होगी जानकारी, फिर होगी कॉलोनी की जांच

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर रायपुर की रेजीडेंशियल कॉलोनी की पहली त्रैमासिक रैंकिंग फरवरी में होगी। साल के पहले तिमाही से शुरू इस रैंकिंग में सबसे ऊपर रैंक पाने वाली कॉलोनी को इस बार क्लीन -ग्रीन अवार्ड से भी नवाजा जाएगा। स्वच्छता के राष्ट्रीय रैंकिंग की दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

राज्य सरकार के निर्देश पर सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए नगर निगम द्वारा हाल ही में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया, जिसमें जमीनी स्तर पर व्यवस्था में कसावट के लिए सघन मॉनिटरिंग के साथ नागरिकों से सीधे फीडबैक लेकर बड़ी कार्यवाही भी नगर निगम ने की है। अब स्वच्छता गतिविधियों से कॉलोनियों को सीधे जोड़ा जा रहा है। सभी फ्लैट्स और मकानों से संबद्ध रेसीडेंशियल एसोसिएशन और बिल्डर्स से कहा गया है कि फरवरी के पहले सप्ताह में स्वच्छता संबंधी पोर्टल में अपनी कॉलोनी में उपलब्ध सुविधा संबंधी जानकारी भरकर अपना नामांकन कर सकेंगे। नामांकन में सहायता के लिए नगर निगम ने बाकायदा मोबाइल नंबर - 8319667095 जारी किया है , जो पोर्टल में शुरू होने वाले गूगल लिंक से संबंधित पूरी जानकारी देगा। इस गूगल लिंक पर ही 6 फरवरी तक नामांकन होंगे, उसके बाद स्पेशल टीम कॉलोनियों की जांच कर उपलब्ध सभी सुविधाओं का परीक्षण करेगा ,जिसके निष्कर्षों के आधार पर 15 फरवरी को पहली त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग और क्लीन -ग्रीन अवार्ड की घोषणा होगी।

## देश के कोने-कोने से महान विभूतियों का हो रहा राष्ट्रीय सम्मानः मंत्री केदार कश्यप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वनमंत्री केदार कश्यप नारायणपुर जिले के करन्दोला ग्रामपंचायत में आयोजित 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' कार्यक्रम का 109वां एपिसोड प्रसारण किया गया। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 'मन की बात' पूरे देशवासियों के लिए एक प्रेरणादायी कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के हेमचंद मांझी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि श्री मांझी पिछले पांच दशक से आयुष चिकित्सा के माध्यम गरीब मरीजों की सेवा कर रहे हैं। हमारे देश में आयुर्वेद और हर्बल मेडिसीन का खजाना छुपा हुआ है। उसके संरक्षण में वैद्यराज



हेमचंद मांझी की बहुत बड़ी भूमिका है।

वनमंत्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम के संबंध में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले दस वर्षों में देश के कोने-कोने के महान विभूतियों को खोज कर राष्ट्रीय सम्मान देकर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के वैद्यराज हेमचंद मांझी को पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में पद्मश्री प्रदान किया गया है। यह हमारे क्षेत्र और पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

### छत्तीसगढ़ की अनूठी पहल, हमर हाथी हमर गोठ का जिक्र-

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में श्रोताओं को बताया कि छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ 'हमर हाथी हमर गोठ' रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से हाथियों के संबंध में जानकारी प्रसारित की जाती है। मोदी जी ने इसे अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि हाथियों का झुंड किस क्षेत्र में विचरण कर रहा है और हाथियों की कितनी संख्या है? इस बात की जानकारी लोगों को रेडियो के माध्यम से मिल जाती है, जिससे संबंधित क्षेत्र के लोग सर्तक और सावधान हो जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में ऐसा प्रयोग किया जा सकता है।

### मन की बात अधिक से अधिक लोग सुने और प्रेरक कार्य करने की दिशा में आगे बढ़े

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के लोगों के प्रेरणादायी कार्य और उनके उपलब्धियों को पूरे देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। देश के लोगों को इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लिए कुछ बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। हम सबका प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़े और इन कार्यों से प्रेरणा लें।

## स्कूली पाठ्यक्रम में शमिल होंगे योग और प्राणायामः बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र से विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रदेश के स्कूलों में योग, प्राणायाम, खेल के साथ-साथ मौलिक शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने यह घोषणा राजधानी रायपुर के विभिन्न स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए की।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल राजधानी रायपुर के भास्कर पब्लिक स्कूल, चंगोरा भाठा और जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भांठागांव के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने स्कूली बच्चों और उनके पालकों और उपस्थित शिक्षकगणों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने की जिम्मेदारी परिजनों से ज्यादा शिक्षकों पर होती है क्योंकि एक उम्र के बाद उनका ज्यादा वक्त स्कूल में गुजरता है। यह समझना चाहिए कि बच्चे गीली मिट्टी की



तरह होते हैं और शिक्षक कुम्हार की तरह, जो बच्चों को एक रूप व आकार देते हैं जिससे उनके बेहतर चरित्र का निर्माण हो सके। इसीलिए सनातन धर्म में गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा दिया गया है।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। इसके लिए हम हमेशा नए योजनाओं के साथ कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से राष्ट्र-प्रेम की भावना प्रबल हो तथा अपनी संस्कृति और श्रेष्ठ परंपराओं के प्रति आकर्षण बढ़े ऐसा हमारा प्रयास है।


## मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने किया पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ

### ■ छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा बांग्लादेश के न्यायिक अधिकारियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के द्वारा बांग्लादेश के 50 न्यायिक अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के लिए यह ऐतिहासिक पल है क्योंकि न्यायिक अकादमी के बनने के बाद से अब तक यह प्रथम अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम है जो अकादमी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा एवं माननीय न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल के मार्गदर्शन में यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा सका है तथा उनके मार्गदर्शन में 28 जनवरी 2024 को इस अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यकम राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल के प्रशिक्षण कार्यकम का हिस्सा है तथा न्यायपालिका की क्षमता एवं निपुणता को बढ़ाने राज्य न्यायिक अकादमी के उद्देश्य के एक मील का पत्थर है।



मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा के द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली से वर्चुअल मोड से किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बांग्लादेश से आये न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में न्यायपालिका के लिए यह आज्ञापक है कि वे एक दूसरे के अनुभवों को आत्मसात करें एवं उससे ज्ञान प्राप्त करें।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर माननीय न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक तिवारी, सचिन सिंह राजपूत, राकेश मोहन पाण्डेय एवं रविन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यकम में बिलासपुर के निकटवर्ती जिलों से लगभग 300 न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से अधिकारीगण शामिल हुए थे।

शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायाधिपति संजय के. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यकम राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल एवं बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के तहत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यकम के संबंध में विस्तार से बताते हुए उन्होंने व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण कार्यकम में विधि एवं न्यायशास्त्र के महत्वपूर्ण क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए सिविल एवं आपराधिक विधि के नवीन विकास, महिलाओं से संबंधित कानून बाल अधिकारों के संरक्षण से संबंधित कानूनों के संबंध में विस्तार से सत्र आयोजित किये जायेंगे। जिसमें विधि महाविद्यालयों के व्याख्याता, वरिष्ठ अधिवक्तागण तथा छत्तीसगढ़ के अनुभवी न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा व्याख्यान दिये जायेंगे।

इस शुभारंभ कार्यकम में बांग्लादेश से आये हुए न्यायिक अधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने स्वागत उद्बोधन में न्यायाधिपति राकेश मोहन पाण्डेय के द्वारा यह बताया गया कि भारत एवं बांग्लादेश को जोड़ने के लिए अनेक क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रगान को रविन्द्रनाथ टैगोर के द्वारा ही लिखा गया है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशिका सुषमा सावंत के द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन अकादमी की अतिरिक्त निदेशिका गरिमा शर्मा द्वारा किया गया। जैसे-जैसे प्रशिक्षण कार्यकम आने वाले 5 दिनों में पूर्णता की ओर बढ़ेगा, राज्य न्यायिक अकादमी, न्यायिक समुदाय पर इसके परिवर्तनकारी प्रभाव एवं न्याय व्यवस्था की उन्नति में इसके योगदान को देखने के लिए उत्सुक हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सर्दियों में होंठ खो देते हैं अपनी नमी इन घरेलू नुस्खों से बनाएं इन्हें मुलायम

जनवरी खत्म होने को है, लेकिन सर्दी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सर्दियों में कई लोगों के होंठ फट जाते हैं। ठंड और सर्द हवा हमारे नाजुक होंठों की त्वचा पर कहर बरपा सकती है। इसके कारण होंठ फटने लगते हैं और अक्सर इनमें बेहद दर्द भी होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके होंठ ठंड के महीनों में भी मुलायम बने रहें, आइए हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताते हैं।



### सबसे पहले जानें सर्दियों में होंठ फटने के कारण

सर्दी के मौसम में होंठ कई कारणों से फटते हैं। इन कारणों में ठंडा तापमान और पर्यावरण में कम नमी शामिल हैं। साथ ही होंठ फटने पर अक्सर लोग उन्हें चाटते हैं, ऐसा करने से उन्हें लगता है कि वे होंठों को नम बना रहे हैं, लेकिन इसका विपरीत असर पड़ता है। ये सभी कारण त्वचा से प्राकृतिक तेल छीन लेते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन होता है और होंठ फट जाते हैं।

### पानी का सेवन करें

होंठ पानी की कमी के कारण फंटते हैं, इसलिए अपने होंठों सहित अपने पूरे शरीर को अच्छी तरह से नमीयुक्त रखने के लिए सबसे अनिवार्य है पानी पीना। सर्दियों के दौरान पानी के सेवन को नजरअंदाज करना आसान होता है, लेकिन हाइड्रेटेड रहने से सूखेपन से लड़ने में मदद मिलती है। इसके लिए जरूरी है कि आप दिन भर में करीब 8 गिलास पानी पीएं। आप ऐसे फलों का सेवन करें, जो शरीर को हाइड्रेट करें।

### लिप बाम का प्रयोग करें

होंठों की नमी बनाए रखने के लिए एक अच्छे और हाइड्रेटिंग लिप बाम में निवेश करें। शहद, शिया बटर या नारियल तेल जैसी सामग्री वाले लिप बाम का चयन करें। इसे पूरे दिन नियमित रूप से लगाएं, खासकर बाहर निकलने से पहले। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप कभी भी इसकी सुरक्षा से वंचित न रहें, अपनी जेब में एक लिप बाम अतिरिक्त रखें। बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं। इनमें सबसे उपयुक्त लिप बाम चुनें।

### एक्सफोलिएट करें

होंठों को एक्सफोलिएट करने से बेजान त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद मिलती है और होंठ चिकने हो जाते हैं। शहद और चीनी के मिश्रण का उपयोग करके एक लिप स्क्रब बनाएं। स्क्रब को धीरे-धीरे अपने होंठों पर गोलाकार गति में मलें, फिर अच्छी तरह से धो लें।यह सरल एक्सफोलिएशन होंठों को फटने और परतदार होने से बचाने के लिए अद्भुत काम कर सकता है। इसके अलावा बाजार में भी एक्सफोलिएशन उत्पादों की भी कमी नहीं है।

### सुरक्षात्मक उपाय

सर्द हवा के सीधा चेहरे पर पड़ने से होंठ बेजान बन जाते हैं। मुंह को ढकने वाले स्कार्फ, मास्क या टर्टलनेक का उपयोग करके अपने होंठों को सर्दियों की कठोर हवाओं से बचाएं। यह अतिरिक्त परत ठंडी हवाओं के संपर्क को कम करने में मदद करती है। इसके साथ ही ये नमी को कम होने से रोकने के लिए भी लाभदायक उपाय हैं, जिससे आपके होंठ स्वस्थ और कोमल रहते हैं।

### हीटर से दूरी बनाएं

इनडोर हीटर भी हवा को सूखा बना सकते हैं, जिसके कारण होंठों में जलन हो सकती है। इसकी जगह ह्यूमिडिफायर का उपयोग करने से आपके घर या कमरे की हवा में नमी आ सकती है। यह आपके होंठों को सूखने से बचाने में भी मदद करता है, जिससे सर्दियों के महीनों के दौरान राहत भी मिलती है। हीटर के ज्यादा पास बैठने या बहुत लंबे समय तक उसका उपयोग करने से परहेज करें।



## ब्लैक साड़ी में श्वेता तिवारी ने दिखाई हुस्न की कातिलाना अदाएं

टेलीविजन इंडस्ट्री में कई ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से फैंस के दिलों में जगह बनाई है। इन्हीं में से एक नाम है श्वेता तिवारी का, एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर अपने खूबसूरत फोटो अपलोड करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने फिर से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की स्टाइलिश और पॉपुलर अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब हाल ही में श्वेता तिवारी ने ब्लैक साड़ी में तस्वीरें पोस्ट की हैं। श्वेता तिवारी ब्लैक साड़ी के अपने इस लुक में बला की खूबसूरत नजर आ रहीं हैं और साथ ही शानदार पोज भी दे रही हैं। यूजर्स उनके इस कातिलाना अंदाज को देखकर एक बार फिर से आहें भरने लगे हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरों से लोगों का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस स्टाइलिश ब्लैक साड़ी के साथ डीप नैक ब्लाउज पहनी हुई हैं। ब्लैक साड़ी में एक्ट्रेस बेहद खूबसूरत और बोल्ड नजर आ रही हैं। वैसे भी श्वेता तिवारी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया का पारा गर्म हो जाता है। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा पॉपुलर हैं और वह जब भी अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं, तो फैंस अक्सर उनके लुक पर से नजरें नही हटा पाते हैं।

## हनुमान के निर्देशक प्रशांत वर्मा ने की जय हनुमान की घोषणा

हाल ही में रिलीज हुई सुपरहीरो फिल्म हनुमान के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद निर्देशक प्रशांत वर्मा ने आगामी फिल्म जय हनुमान फ्रेंचाइजी की अगली किस्त की तैयारी शुरू कर दी है। तेजा सज्जा, अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार और विनय राय अभिनीत हनुमान ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज की है। फिल्म एक गांव के साधारण व्यक्ति की कहानी बताती है जो भगवान हनुमान से महाशक्तियां प्राप्त करता है और उनका उपयोग बुराई से लड़ने के लिए करता है।

रिपोर्ट के अनुसार, मामूली बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में अब तक 164.75 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। यह फिल्म दुनिया भर में कई भाषाओं में रिलीज हुई थी। निर्देशक ने अपने अनुयायियों के साथ नई फिल्म की खबर शेयर करने के लिए एक्स का सहारा लिया। उन्होंने ट्वीट किया, दुनिया भर के दर्शकों से हनुमान को मिले अपार प्यार और समर्थन के लिए कृतज्ञता के साथ, मैं खुद से एक वादा कर एक नई यात्रा की दहलीज पर खड़ा हूं। जय हनुमान का प्री प्रोडक्शन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ दिन पर शुरू हुआ। प्रशांत ने कहा, मेरी ताकत हमारी संस्कृति के बारे में ज्ञान है। इसलिए मैंने सोचा कि हमें अपनी संस्कृति से बाहर एक सुपरहीरो की कहानी लानी चाहिए और फिर हनुमान का विचार आया। जय हनुमान की तैयारी शुरू होने के साथ ही प्रशांत ने समकालीन सिनेमा के साथ पौराणिक कथाओं का मिश्रण करते हुए, अपनी अनूठी कहानी कहने से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा है।

## लावण्या त्रिपाठी की फिल्म मिस परफेक्ट का ट्रेलर रिलीज

मिस परफेक्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सुप्रसिद्ध अभिनेत्री और मेगा प्रिंस वरुण तेज की पत्नी लावण्या त्रिपाठी, स्काईलैब पर अपने असाधारण काम के लिए प्रसिद्ध विश्व खंडेराव के निर्देशन में बहुप्रतीक्षित तेलुगु वेब श्रृंखला, मिस परफेक्ट में स्क्रीन की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

निर्माताओं ने हाल ही में ट्रेलर का अनावरण किया, और यह एक ताजा कहानी की एक आनंददायक झलक है जो महामारी के दौरान एक आवासीय परिसर के भीतर सामने आती है, जो प्रफुल्लित करने वाले क्षणों से भरपूर है।

इस आगामी वेब श्रृंखला में, लावण्या एक युवा महिला का किरदार निभाती है जो अपने जीवन के हर पहलू में पूर्णता की निरंतर खोज करती है। ट्रेलर में उसके पड़ोसी, अभिजीत का परिचय दिया गया है, जो पूर्णता के लिए समान इच्छा साझा करता है। दिलचस्प मोड़ तब आता है जब लावण्या का किरदार अभिजीत के घर में लक्ष्मी नाम की नौकरानी के रूप में काम करने लगता है। ट्रेलर से यह स्पष्ट है कि मिस परफेक्ट हास्य और मनोरंजन से भरपूर कहानी का वादा करती है। ट्रेलर में अभिग्ना वुथलुरु, झाँसी और हर्षवर्द्धन सहित प्रमुख पात्रों का परिचय दिया गया है, जो मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। उच्चतम उत्पादन गुणवत्ता के साथ, वेब श्रृंखला 2 फरवरी को सात भाषाओं - तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, हिंदी, बंगाली और मराठी में रिलीज़ होने के लिए तैयार है। बहुभाषी रिलीज़ मिस परफेक्ट की बहुप्रतीक्षित शुरुआत में एक रोमांचक आयाम जोड़ती है, जो विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों के बीच उत्साह पैदा करती है।

# घर के ये 4 काम रोज कर लें तो नहीं है अलग से वर्कआउट की जरूरत! पूरी तरह रहेंगे फिट

फिट और एक्टिव रहने के लिए हमें व्यायाम और वर्कआउट की जरूरत होती है। लेकिन व्यस्त दिनचर्या के कारण अकसर लोगों को इसके लिए अलग से समय निकालना मुश्किल लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि घर पर किए जाने वाले कुछ काम ही एक कंपलीट वर्कआउट का काम कर सकते हैं? इसके लिए आपको अलग से कोई भी एफर्ट नहीं डालना पडेगा। और आपको जिम जाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। ये काम आपके शरीर को आपको फिट रखेंगे। चलिए जानते हैं ये 5 घर् का काम जो कर के आप पूरी तरह से फिट रह सकते हैं।



### घर की सफाई

घर की सफाई जैसे- झाड़ू लगाना, पोंछा लगाना, बर्तन धोना आदि एक अच्छा व्यायाम है। इन सफाई का कामों को करते समय आपके हाथ-पैर लगातार चलते रहते हैं। शरीर के अलग-अलग भागों को मोड़ना, झुकना, साफ करने के लिए आगे-पीछे होना पड़ता है। ये सब शरीर को गतिशील बनाए रखता है। साथ ही, इन कामों को करने के लिए ऊर्जा की जरूरत होती है जो आपके शरीर में संचित वसा से प्राप्त होती है। यानी ये काम कैलोरीज बर्न भी कराते हैं और आपका वजन कंट्रोल में रहता है।

### बागवानी या गार्डनिंग

बागवानी या गार्डनिंग भी एक अच्छा व्यायाम है। पौधों की देखभाल के लिए उन्हें पानी देना, खरपतवार निकालना, घास काटना, खाद डालना आदि काम करने पड़ते हैं। इन सभी कामों को करते हुए आपका पूरा शरीर गतिशील रहता है। झुकना, मोड़ना, कुछ उठाना-रखना, फेंकना आदि से हाथ-पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। साथ ही ये कार्य ऊर्जा की खपत करते हैं, यानी कैलोरीज बर्न भी होता है।

### सीढ़ियां चढ़ना


सीढ़ियां चढ़ना और उतरना शरीर को फिट रखने का एक बहुत ही अच्छा तरीका है। अगर आप रोजाना कम से कम 10-15 मिनट के लिए सीढ़ियां चढ़ें और उतरें तो इससे आपके पैरों और पूरे शरीर की मांसपेशियां मजबूत होंगी। सीढ़ियां चढ़ते समय आपके पैर, पीठ, जांघों और जबड़े की मांसपेशियों पर खिंचाव पड़ता है जिससे वे मजबूत होती हैं। साथ ही यह आपका वजन भी नियंत्रित करने में मदद करता है। तो रोज सीढ़ियों को अपना वर्कआउट पार्टनर बनाएं।

### अपने कपड़े खुद अपने हाथों से धोएं

अपने कपड़े खुद अपने हाथों से धोना एक पूरी तरह शारीरिक व्यायाम का काम करता है। इसमें आपको बार-बार बाल्टी को उठाना और रखना पड़ता है जिससे आपकी बांहों और शरीर में गतिशीलता आती है। कपड़े धोते समय, उन्हें निचोड़ते समय और सुखाने के लिए लटकाते समय आपके पूरे शरीर की मांसपेशियां काम करती हैं। इन सभी कार्यों के लिए शरीर में ऊर्जा की आवश्यकता होती है जो आपकी वसा से प्राप्त होती है, यानी कैलोरीज़ बर्न होती हैं।

## भूमि पेडनेकर रॉयल्स के साथ रखेंगी ओटीटी की दुनिया में कदम, ईशान खट्टर भी देंगे साथ





भूमि पेडनेकर इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जो अपने शानदार प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री आखिरी बार फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग में दिखी थीं तो अब वह ओटीटी की दुनिया में कदम रखने वाली हैं।कहा जा रहा है कि अभिनेत्री नेटफ्लिक्स की रोमांटिक-ड्रामा सीरीज रॉयल्स का हिस्सा बन गई हैं, जिसके लिए उन्होंने ईशान खट्टर के साथ सहयोग किया है। अब ऐसे में दोनों सितारों को पहली बार साथ देखने के लिए प्रशंसक उत्सुक हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इस रोमांटिक-ड्रामा सीरीज का निर्माण प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस (पीएनसी) कर रहा है, जो एमी पुरस्कार के लिए नामांकित सीरीज फोर मोर शॉट्स प्लीज बना चुका है।फोर मोर शॉट्स प्लीज अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है और अब यह प्रोडक्शन हाउस रॉयल्स को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रहा है।रिपोर्ट में कहा गया है कि शो फिलहाल प्री-प्रोडक्शन में है और कुछ महीनों के भीतर इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है।

इस सीरीज से जुड़े एक करीबी सूत्र का कहना है कि भूमि एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना चाहती थीं, जिसकी कहानी एकदम अलग हो और वो व्यापक दर्शकों को आकर्षित करे।अब रॉयल्स में वह सब कुछ है, जिसे भूमि ने अपने पहले ओटीटी शो के लिए जरूरी समझा था। ऐसे में वह इसे दुनिया के सामने लाने का इंतजार नहीं कर सकती हैं। सूत्र ने कहा कि शो में भूमि की ईशान के साथ केमिस्ट्री देखने लायक होगी।

रॉयल्स के लिए प्रोडक्शन कंपनी पीएनसी ने पहली बार नेटफ्लिक्स के लिए हाथ मिलाया है। इससे पहले यह कंपनी अमेजन प्राइम वीडियो के साथ 4 प्रोजेक्ट के लिए काम कर चुकी है, जिसमें से 3 आ चुके हैं। उनकी चौथी सीरीज नॉटोरियस गर्ल्स अभी प्रोडक्शन में है और इस साल उसके रिलीज होने की उम्मीद है। इस ड्रामा सीरीज में सिमरन, रेवती और नंदिता दास मुख्य भूमिका में हैं, वहीं निर्देशन की कमान शोनाली बोस ने संभाली है।

भूमि की वेब सीरीज की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उनकी 2 फिल्में जल्द रिलीज होंगी। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की उनकी नेटफ्लिक्स थ्रिलर भक्षक 9 फरवरी को आनी वाली है तो इसके बाद वह मुदस्सर अजीज की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी में दिखाई देंगी। इसके अलावा ईशान नेटफ्लिक्स सीरीज द परफेक्ट कपल से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। इसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है और ये 2024 के मध्य में रिलीज होगी।

हाल ही में इंडियन पुलिस फोर्स से सिद्धार्थ मल्होत्रा और शिल्पा शेट्टी ने ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। रवीना टंडन भी डिज्नी+ हॉटस्टार पर आई सीरीज कर्मा कॉलिंग कर्मा से अपनी शुरुआत कर चुकी हैं। इसके अलावा भी कई सितारे ओटीटी पर आएंगे।



## अभिनेत्री केनिशा अवस्थी ने साझा की अपनी फिटनेस यात्रा, बताया कैसे कम किया 1 साल में 15 किलो वजन

अभिनेत्री केनिशा अवस्थी काफी सुंदर और प्रेरणादाई अभिनेत्री है। इंस्टाग्राम हैंडल पर उनके 1.2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स है, वह अपनी पोस्ट आकर्षक के साथ-साथ अपनी फिटनेस की वजह से भी चर्चा में रहती है। उनके जिम के वीडियो देखकर, लोग उनकी दिनचर्या के बारे में जानने के लिए उत्सुक हो जाते हैं। और आखिरकार उन्होंने खुद ही इस बात का खुलासा कर दिया। हाल ही में एक बातचीत के दौरान, केनिशा ने खुलासा किया कि वह पिछले 1 साल में औरगेनीक तरीके से 15 किलोग्राम तक वजन कम करने में सफल रहीं। हां यह सही है।

इस बारे में केनिशा ने बताया की, मैंने पिछले एक साल में 15 किलोग्राम वजन कम किया है। मैं अपने ट्रेनर निखिल भगत की वजह से ऐसा कर पाई, जो खुद एक एथलीट हैं। वह सुपर एथलीटों के साथ-साथ काफी मशहूर हस्तियों को भी ट्रेनिंग देते हैं। वजन कम करने का श्रेय एक खास वर्कआउट प्लान को जाता है जिसमे तरह तरह की कसरत शामिल है जैसे की कार्डियोवेसक्यूलर से लेके वेट ट्रेनिंग की कसरतें। इसमें वेट ट्रेनिंग ज्यादा थी और कार्डियो कम था क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना था कि इस प्रक्रिया में मेरे कोई मसल्स में दिक्कत ना हो। विचार दुबला और सुडौल बनने का था। इसके अलावा, मैंने अपना आहार बदल दिया है और अब में एक साथ की जगह हिस्सों में आहार ले रही हूं। इसलिए, शाम 5 बजे के बाद, मैं कोई कार्बोहाइड्रेट नहीं खाती हूं और इससे वास्तव में मदद मिली है।

इसके अलावा, मैं मैदा, जंक फूड, सैंडविच और अन्य किसी भी तरीके का जंक फूड नहीं लेती। आजकल, मैं दिन में एक बार पूरा भोजन लेती हूं, जो या तो सुबह का भारी नाश्ता होता है या दोपहर का भारी भोजन होता है। विचार इसे प्रोटीन से भरपूर बनाने का है। मैं अपने आहार में अंडे और अनाज आदि को भी शामिल करने का प्रयास करती हूं। मुझे वास्तव में लगता है कि आहार ही इसका मुख्य कारण रहा है और इसके पीछे एक कठिन वजन-प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल है। मैं अभी और भी बहुत कुछ करने की कोशिश कर रही हूं क्योंकि अब, मैं अधिक प्रेरित हूं। अब, मैं और अधिक अधिक सुडौल शरीर बना रही हूँ और उम्मीद है कि मार्च के बीच मैं ही में इसे सफलतापूर्वक हासिल कर लूँगी। फिंगर क्रोसड।

वास्तव में अपने वजन घटाने के लिए इतनी मेहनत करने के लिए केनिशा को बधाई। उम्मीद है कि वह कड़ी मेहनत करती रहेगी और अपने सभी लक्ष्य हासिल करती रहेगी। अधिक अपडेट के लिए बने रहें।

## नेहा धूपिया ने किया नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन का ऐलान, जियो टीवी पर देख सकेंगे

भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नेहा धूपिया एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रही हैं। पिछले 5 सफल सीजन के बाद नेहा ने हाल ही में अपने लोकप्रिय पॉडकास्ट शो नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन का ऐलान किर है। अभिनेत्री ने 18 जनवरी को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर नो फिल्टर नेहा का बिहाइंड द सीन्स वीडियो साझा किया है, जिसमें वह खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं। नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन को पहली बार वीडियो स्वरूप पेश किया जाएगा। इस पॉडकास्ट शो का प्रीमियर जियो टीवी पर होगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। नेहा ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, आपको पर्दे के पीछे लेकर जा रही हूं। हम नो फिल्टर नेहा 6 के साथ लौट रहे हैं। जल्द ही लॉन्च हो रहा है। इसमें नेहा को फिल्म उद्योग की प्रसिद्ध हस्तियों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया जाएगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






## खास खबर

### कलेक्टर ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विशेष शिविर का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज नगरपालिका जांजगीर और ग्राम पंचायत पेंड्री में आयोजित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विशेष शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में परम्परागत बढ़ाई, दर्जी, नाई, मोची, मूर्तिकार, लोहार, धोबी, कुम्हार, राजमिस्त्री जैसे 18 श्रेणी के कारीगर,शिल्पकार अपने आधार कार्ड , बैंक एकाउंट व मोबाइल नम्बर के साथ पंजीयन कराने पहुंचे। योजना में हितग्राहियों को प्रशिक्षण के बाद 15 हजार रुपए का अनुदान टूल्स किट के लिए दिया जायेगा, साथ ही कम ब्याज दर पर राशि 3 लाख तक ऋण की सुविधा मिलेगी। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को हितग्राहियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी के साथ प्रगति लाने एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राथमिकता के साथ इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। योजना को लेकर पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े नागरिकों ने बढ़ चढ़कर पंजीयन कराने पहुंचे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े शिल्पकारों एवं कारीगरों का पंजीयन ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी सेंटर) के माध्यम से किया जा रहा है। पंजीयन उपरांत उन्हें परम्परागत व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान एवं ऋण से लाभान्वित किया जाएगा।

### वनवासी विकास समिति का मकर संक्रांति परिवार मिलन समारोह सम्पन्न

**रायपुर।** शबरी कन्या आश्रम, रोहनीपुरम रायपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 28 जनवरी वनवासी विकास समिति रायपुर महानगर द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर परिवार मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ एन. वी. रमना राव, डायरेक्टर, एन. आई. टी. रायपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जगदीश झंवर, समाजसेवी एवं व्यवसायी, श्री ईश्वर प्रसाद अग्रवाल , प्रसिद्ध उद्योगपति व अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , तथा मुख्य वक्ता के रूप मे श्री महेश बिरला, संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ के प्रांत अध्यक्ष श्री उमेश कच्छप द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में जनजातीय नायकों के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान के बारे में जानकारी दी।मुख्य वक्ता ने अपने उदबोधन में कल्याण आश्रम के बहुआयामी उद्देश्यों के साथ ही साथ कल्याण आश्रम की जनजातीय समाज में विभिन्न क्षेत्रों में योगदानों की जानकारी दी। कार्यक्रम में शबरी कन्या छात्रावास की बहनों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक नृत्य , राम भजन , सांस्कृतिक गीत व योग की प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम के अंत मे धन के देवता कुबेर जी के पूजन के पश्चात् कुबेर के लड्डू की आकर्षक नीलामी की गई,जिसमे नीलामी के लिए 4 लाख 11 हजार की बोली लगी। नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग जनजातीय समाज के उत्थान व कल्याण आश्रम के संचालन में किया जाएगा। कार्यकर्ता व लगभग 400 से अधिक नगरवासी सम्मिलित हुए।

जूते-चप्पल पहने किसी को आता देखकर बिरहोर भाग जाते थे, उनसे जुड़ने जागेश्वर यादव ने ली जीवन भर नंगे पाँव रहने की शपथ

# मुख्यमंत्री साय ने जागेश्वर यादव को छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने के लिए किया सम्मानित

**बिरहोर इनको अपना मसीहा मानते हैं, कोरोना की वैक्सीन लगवाने जब प्रशासन थकहार गया तब यादव की ली मदद, उनके कहने पर टीके के लिए तैयार हुए बिरहोर, राष्ट्रपति के हाथों करेंगे पद्मश्री सम्मान ग्रहण**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के बिरहोर कुछ सालों पहले तक इतने संकोची थे कि जूते-चप्पल पहने हुए किसी को आता देखकर भाग जाते थे। उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करने जागेश्वर यादव ने जीवन भर जूते-चप्पल नहीं पहनने का संकल्प किया ताकि वे मिलने से सकुचाये नहीं। धीरे-धीरे वे बड़ा बदलाव लाने में कामयाब हुए और अभी बिरहोरों की पहली पीढ़ी शिक्षित हो गई है। वे शासकीय योजनाओं का लाभ लेने आगे बढ़ रहे हैं। जब जागेश्वर यादव 21 वर्ष के थे तब उन्होंने बिरहोर जनजाति के लोगों की दुर्दशा देखी और उनकी सेवा का संकल्प लिया। आज चार दशक हो गये हैं और उनका सेवा कार्य अनवरत जारी है।

संकल्पित भाव से बिरहोर जनजाति की सेवा करने वाले और पिछड़े वर्ग से आने वाले इस जननायक और सेवाभावी कार्यकर्ता का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किये जाने के केंद्र सरकार के निर्णय पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। श्री यादव ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए और उनके प्रति



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे रास्ते में आपका भरपूर सहयोग मिला जिसे मैं कभी नहीं भूलूँगा। आपने बिरहोर भाइयों के साथ बैठकर पतरी में चावल खाया। उनकी शिक्षा के लिए जो भी योजनाएं हम आपके पास लेकर गये। आपने कहा कि ये अच्छा काम है इसे आगे बढ़ाइये, मैं इसमें आपकी मदद करूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहली ही कैबिनेट में आवासीहीनों को आवास उपलब्ध कराने का जो निर्णय लिया है।

उससे सभी बिरहोरों को पक्का मकान मिल पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर यादव को पद्मश्री के लिए सम्मानित किये जाने का केंद्र सरकार का निर्णय सेवा भाव से संकल्पित एक कार्यकर्ता का सम्मान है। जब प्रदेश में कोरोना फैला और मोदी जी ने वैक्सीन की सुविधा उपलब्ध कराई तब बिरहोर लोगों के मन में वैक्सीन को लेकर आशंकाएं थीं और प्रशासन के अनेक बार आग्रह करने पर भी उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। फिर श्री जागेश्वर यादव को इसके लिए बिरहोरों को तैयार करने भेजा गया। बिरहोर इनको अपना मसीहा मानते हैं।

जब जागेश्वर यादव ने आग्रह किया तो सब तैयार हो गये, ये उनकी बिरहोरों की बीच गहरी पैठ का प्रमाण है। पाली विकासखंड में उन्होंने 3 कार्यक्रम बिरहोरों के लिए कराए और हर बार मैं इन कार्यक्रमों में शामिल हुआ। इनके सम्मान की जब जानकारी मुझे मिली तो मुझे बहुत खुशी हुई। उल्लेखनीय है कि जागेश्वर यादव के प्रयासों से न केवल बिरहोर लोग शिक्षा से जुड़े हैं। बिरहोर भिक्षावृत्ति से जुड़े थे वे आज धान बेच रहे हैं। धरमजयगढ़ के ग्राम खलबोरा के केंदा राम अब धान बेच रहे हैं। बिरहोरों के लिए श्री जागेश्वर यादव ने धरमजयगढ़ में आश्रम भी आरंभ किया है। उनको पद्मश्री मिलने पर बिरहोरों में भी काफी खुशी का माहौल है।

### लोक-कलाकारों ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से की मुलाकात



श्रीकचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर के आदिम जनसंसद मुरिया दरबार में शामिल लोक कलाकारों ने मुलाकात की। राष्ट्रपति ने प्रदेश की झांकी और सभी कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की। राष्ट्रपति से मुलाकात करने राष्ट्रपति भवन पहुंचे कलाकारों ने भी इस खास मौके पर अपनी खुशी जाहिर की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपनी शुभकामनाओं के साथ झांकी में शामिल कलाकारों को छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली रवाना किया था। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने सभी राज्यों से आए कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस की परेड देश की नारी शक्ति को समर्पित है। देश के विभिन्न राज्यों की झांकियों में विकसित और सशक्त भारत की झलक दिखी। छत्तीसगढ़ की झांकी में लोकतंत्र की जननी विषय पर जनजातियों की आदिम संसद का प्रदर्शन किया गया था। इससे देश के अन्य राज्यों को भी जनजाति समाज की परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी मिली होगी। लोकतंत्र की आदिम व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को भी इस झांकी में प्रमुखता से दिखाया गया था।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में भारत की अनेकता में एकता का दर्शन देश-दुनिया ने किया है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार एक-दूसरे राज्यों के रीति-रिवाज और वहां के सांस्कृतिक वैभव से परिचित हुए होंगे। छत्तीसगढ़ की अपनी अलग पहचान और विशिष्ट परंपराएं हैं जिसके बारे में देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले लोगों को भी जानकारियां मिली होंगी। आप सब कलाकारों ने अन्य राज्यों से आए सांस्कृतिक दलों से बहुत कुछ सीखा होगा।

## समाज को विकास की नई दिशा देने संगठित प्रयास जरूरी : राजस्व मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** समाज को एक नई दिशा की ओर ले जाने के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा। समाज की एकता, तरक्की और भलाई के लिए आपसी समन्वय से काम करना है। समाज की शक्ति संगठन से होती है। समाज के विकास के लिए सभी को संगठित होना आवश्यक है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज अभनपुर विकासखंड के ग्राम कुर्रु में मनवा कुर्मी चंदखुरी राज के 78 वें वार्षिक राज अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होनें स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ स्कूल को शैक्षणिक एवं अन्य विकास कार्यो के लिए 25 हज़ार रुपए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य के विकास के कुर्मी समाज का महत्वपुर्ण योगदान है। कुर्मी समाज मुख्यत: कृषि कार्य से जुड़ा हैं। कृषि की उन्नति से ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था गतिमान होती है। उन्होंने समाज के लोगों से उन्नत कृषि के साथ-साथ शिक्षा पर भी ध्यान देने की अपील की है। श्री वर्मा ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की



प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। हमें प्रभु श्री राम के आदर्श और चरित्र केवल सुनना ही नही अपितु अपने जीवन में उतारना भी हैं। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के लोगों के लिए श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ किया है। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष चोवाराम वर्मा, जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता वर्मा, तिल्दा जनपद सभापति शिव शंकर सामाजिक पदाधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रायपुर में खुलेगा छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय : मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय राजधानी रायपुर में खुलेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में 2 दिवसीय आयुर्वेद एलुमनी मीट ''स्वर्ण कुंभ'' का शुभारंभ करते हुए यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज से पढ़कर निकले और देश-विदेश में सेवाएं दे रहे, ऐसे पुराने डॉक्टर्स को सम्मानित भी किया।



शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन पद्धति का एक अंग है। हमारे घरों का रसोईघर अपने आप में एक आयुर्वेदिक औषधि केंद्र है। एक जानकर व्यक्ति इनका सही प्रयोग करके निरोगी काया पा सकता है। उन्होंने कहा कि, आयुर्वेद आदिकाल से है। जब लंका में श्री लक्ष्मण जी मूर्छित हुए थे तब भी वैद्यराज सुषेण ने आयुर्वेद के जरिए उनकी जान बचाई थी उस वक्त एलोपैथ का नामोनिशान नहीं था। लेकिन अंग्रेजों के समय से भारतीय चिकित्सा प्रणाली को हाशिए पर ला दिया गया था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर आयुर्वेद और आयुष को बढ़ावा दिया जिसके बाद आज पूरी दुनिया में आयुर्वेद को अलग पहचान मिली। कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़े और दवाईयों ने लाखों लोगों की जान बचाई। लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने का भी सुझाव श्री अग्रवाल ने दिया।

शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में पुराने दोस्तों से मिलकर सभी लोगों को अपने छात्र जीवन के दिन की यादें ताजा करने का अवसर मिला होगा। ऐसे लोगों से भी मुलाकात हुई होगी, जिन्होंने आयुर्वेद को एलोपैथी के बराबर का दर्जा दिलाने के लिए बहुत संघर्ष किया था।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ भूषणलाल जांगड़े, कवि डॉ सुरेंद्र दुबे, प्राचार्य डॉ जी. आर चतुर्वेदी, संयुक्त संचालक, आयुष डॉ सुनील कुमार दास, आयोजन समिति के अध्यक्ष, डॉ पतंजलि दीवान, डॉ शिव नारायण द्विवेदी, डॉ हरेंद्र शुक्ला समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## खेल भावना से मिलती है सफलता, पढ़ाई के साथ खेल में करें नाम रोशनः लखनलाल देवांगन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 का आज कोरबा स्थित सीएसईबी फुटबॉल खेल मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक मार्चपास्ट के साथ शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने पाँच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल जीवन का वह हिस्सा है जिससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ सफलता की राह में आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल की जा सकती है।




मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ खेलकूद में शामिल होकर और अच्छे खेल का प्रदर्शन कर अपना नाम रोशन किया जा सकता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाते हुए खेल को खेल भावना से खेलने और हारने पर निराश न होते हुए आगे बढ़ने और परिश्रम कर पुन: अच्छे प्रदर्शन से सफलता अर्जित करने की बात कही। प्रतियोगिता में 12 राज्यों और दो इकाईयों के बेसबॉल खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मंत्री श्री देवांगन ने राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि कोरबा जिले में राष्ट्रीय स्तर का आयोजन होना बहुत ही गौरव की बात है। यह एक ऐसा माध्यम है जहाँ खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को दिखाने के साथ-साथ आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और भाषा-बोलियां सीखने समझने का भी मौका मिलता है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि छात्र जीवन में खेल और पढ़ाई का विशेष महत्व होता है। इस आयोजन में अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी शामिल है, यहाँ खिलाड़ियों को अलग-अलग राज्यों की संस्कृति और भाषा से परिचय होगा। स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.पी. भारद्वाज ने दिया। कार्यक्रम में कोरबा जिले की अंतरराष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी नेहा जायसवाल को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता में बेसबॉल बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, चंडीगढ़, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, सहित विद्याभारती और सीबीएसई और मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम शामिल हो रही हैं। आज उदघाटन अवसर पर सभी टीमों ने आकर्षक मार्चपास्ट निकाली। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

## कलेक्ट्रेट ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्या का किया निराकरण

श्रीकचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** दूरस्थ अंचल क्षेत्र बिहरपुर में आज क्षेत्रवासियों के समस्या के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जनपद पंचायत ओड़गी, शिविर स्थल ग्राम पंचायत बिहारपुर के तहसील में आयोजित किया गया था। जिसमें एक बड़ी संख्या में आसपास के लगभग 20 से 25 गांव के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में लगभग 48 विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

शिविर में बैंक सखी, पीएम उज्जवला, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मछली पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के स्टॉल लगाये गए थे। इन स्टॉल मे अपनी समस्या के अनुरूप लोग पंजीयन काउंटर से रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने संबंधित स्लॉट में पहुंच रहे थे। जहां स्लॉट में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उनके समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गये। शिविर में विभागों के विभागाध्यक्ष द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियां भी दी गई ताकि शिविर में आए हुए पात्र हितग्राही इसका लाभ उठा सके। शिविर में आए हुए लोगों को राशन कार्ड नवीनीकरण, पीएम विश्वकर्म योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास इत्यादि योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। सरगुजा संभाग के संभागायुक्त श्री गोविन्दराम चुरेन्द्र भी सिविल स्थल पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और स्लॉट में बैठे अधिकारियों से आए हुए आवेदन की वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी ली। राजस्व विभाग के प्रकरणों में उन्होंने नक्शा हुआ खसरा नंबर के मिलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आरबीसी 6-4 में न्याय उचित कार्रवाई और फर्जी पट्टी के सत्यापन के लिए एसडीएम को निर्देशित भी किया। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जागरूक बनने की सलाह दी ताकि वो अपने अधिकारों का संरक्षण कर सके। ग्रामीण व्यवस्था के सबसे बड़े न्यायालय ग्राम सभा और ग्राम पंचायत को सशक्त करने की बात कही। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित जनों को आज के सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।





















## खास खबर



### कार से बरामद हुई 11 किलो चांदी आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़ ( ए )।** सिटी कोतवाली पुलिस ने एक कार से 11 किलो चांदी जब्त की है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से एक व्यक्ति ऑल्टो कार से बिना पक्के बिल के चांदी के आभूषण अवैध तरीके से खपाने रायगढ़ लेकर आ रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने से प्रधान आरक्षक जगदीश नायक के हमराह स्टाफ को संदिग्ध ऑल्टो कार पर कार्रवाई के लिए रवाना किया। कोतवाली पुलिस टीम ने शनिवा रात पेट्रोलिंग गस्त के दौरान पुराना शनि मंदिर ओवर ब्रिज के पास संदिग्ध ओड़िशा पासिंग ऑल्टो कार ओडी 17 जे 9876 को रोक कर चेक किया। इस दौरान चांदी का चूड़ा, अंगूठी, पायल, ब्रेसलेट, सिंदूर डिब्बी बरामद हुई। कोतवाली पुलिस टीम ने वाहन में मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम जुगल प्रधान निवासी बरगढ़ ओडिशा बताया। वाहन में रखे चांदी के नए आभूषणों के कागजात पेश करने का नोटिस दिया गया। जुगल प्रधान ने बताया कि चांदी के आभूषणों की कोई रसीद नहीं है। थाना प्रभारी कोतवाली के निर्देश पर अनावेदक जुगल प्रधान (44) निवासी वार्ड नंबर-3 हाटपदा थाना व जिला बरगढ़ (ओडिशा) को वाहन एवं चांदी के आभूषण समेत थाना लाया गया। अनावेदक से संदिग्ध चांदी के आभूषण कुल वजन 11 किलो कीमत करीब छह लाख रुपये जब्त किए गए।

# ओवर स्पीड कार चलाने पर विवाद, घर पहुंचकर बदमाशों ने शख्स से की मारपीट, तीन गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में कार की ओवरस्पीड को लेकर विवाद के बाद बदमाशों ने शख्स से उसके घर में घुसकर मारपीट की। मामला खम्हारडीह इलाके के विरासत अपार्टमेंट का है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाले बुजुर्ग ने ओवर स्पीड़ कार चला रहे युवकों को टोका तो वे विवाद करने लगे। यहीं नहीं बुजुर्ग के घर पहुंचकर जमकर हुज्जत की और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य फरार बताए जा रहे हैं।







खम्हारडीह थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में ए-404, विरासत अपार्टमेंट, विजयनगर निवासी संतोष जैन (57) ने शिकायत दर्ज कराई है। 26 जनवरी की रात 11.45 बजे अवंति विहार जैत खंभ मेन रोड के पास तेज रफ्तार में कार चलाने की बात को लेकर कुछ युवकों से उनका विवाद हुआ। इसके बाद संतोष जैन अपने घर पहुंच गया। घर पहुंचने के बाद युवक अपने साथियों के साथ पहुंचे और सोसायटी के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे।

#### जान से मारने की दी धमकी

इस दौरान हाथ में कार की जेक, राड रखकर दिखाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मना करने मारपीट कर की। इससे उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई थी। हंगामा सुनकर अपार्टमेंट के कई लोग आ गए और पुलिस को सूचना दी। मामले में पुलिस ने मारपीट, बलवा का केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की। रविवार को पुलिस ने रजबंधा तालाब के पास मौदहापारा निवासी शेख ईमरान(21), अफरोज बाग बाडी निवासी फहीम खान (28) और केके रोड निवासी मोहम्मद शकील अहमद (46) को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित जमीन की खरीद-ब्रिकी का काम करते हैं।

## ओवरटेक करने पर बवाल : दुकान में घुसकर की मारपीट, कैमरे में कैद हुए बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** दुकान में घुसकर मारपीट करते आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गए। प्राथी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, सिविल लाइन थाना पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, कोनी सेन्दरी हाई स्कूल के पीछे रहने वाला हरिश कुर्रे नीरज जायसवाल के यहां हाईवा का ड्राइवर है, जो 28 जनवरी की सुबह से मंगला दारू भट्ठी के सामने सीवरेज का काम चल रहा था। उसके काम में लगा हुआ था।






दोपहर करीब तीन बजे सीवरेज का काम खत्म करके वह अपने श्यामा ट्रेडर्स ऑफिस धुरीपारा मंगला जा रहा था। उसी समय लाल टी-शर्ट पहने हुए अनजान लड़के अपनी मोटर साइकिल क्रमाकं CG 10 AZ 1261 से उसे ओवरटेक किया। हरिश से गाली गलौज करने लगा। इस पर ध्यान दिए बिना ही वह हाईवा को श्यामा ट्रेडर्स के सामने खड़ी करके ऑफिस में बैठ गया। उस समय उसके साथ उसके साथी दिव्यांशु बरगाह और अन्य लोग भी ऑफिस में थे।

आरोपी कुछ देर बाद बाइक पर अपने साथियों के साथ दुकान में बने ऑफिस पहुंचा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए वहां तोड़फोड़ करने लगे। इसके साथ ही लाठी, बेल्चा और डंडे से मारपीट कर गैती को भी मारने के लिए उठाया। घटना के समय हरिश के साथी ने बीच बचाव किया तो उसे भी आरोपीयों ने पीटा। मारपीट से हरिश के हाथ, पैर, सिर, पीठ, कमर में चोंटें आई हैं। जिसकी रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई गई। फिलहाल, पुलिस जुर्म दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# सब्जी के कम मिलने पर दो सगे भाइयों ने युवक के प्राइवेट पार्ट में मारा चाकू, गंभीर रूप से घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में पिकनिक ट्रिप के दौरान दो सगे भाइयों ने मिलकर एक युवक के प्राइवेट पार्ट में चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले के पीछे दोनों भाइयों को थाली में कम सब्जी मिलना थी। जिससे वे चिढ़ गए। उन्होंने खाना परोस रहे दोस्त पर वार कर दिया। ये पूरा मामला तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।




पीड़ित चंद्रशेखर डांडे ने तिल्दा-नेवरा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज करवाई कि वो रोजी मजदूरी का काम करता है। शनिवार को वह अपने दोस्तों के साथ बड़े तालाब के पास पिकनिक मनाने गया हुआ था। इस दौरान उसके पड़ोस में रहने वाले दो भाई सूरज चतुर्वेदी और उसका छोटा भाई खिलेश्वर चतुर्वेदी भी साथ गए थे। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे का वक्त था। वे सभी खाना खा रहे थे।

इसी बीच आरोपियों ने पीड़ित को और सब्जी परोसने की बात की। इसके बाद पीड़ित ने और भी लोग खाना खाने के लिए बचे हुए है। उन्हें भी सब्जी मिलनी चाहिए कहा। इस बात से दोनों भाई नाराज हो गए। उन्होंने गाली गलौज देनी शुरू कर दी। फिर वे मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपी सूरज चतुर्वेदी और खिलेश्वर चतुर्वेदी ने मिलकर चंदशेखर पर सब्जी काटने वाले चाकू से वार कर दिया। वे गुस्से में पीड़ित की हत्या करना चाहते थे। चाकू पीड़ित के प्राइवेट पार्ट पर जाकर लगा। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया और लहूलुहान होकर जमीन में गिर गया। इस झगड़े में उसके चेहरे में भी चोंटे आई है। इस घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मामला तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र पहुंचा। जिसके बाद पुलिस टीम आरोपियों की खोजबीन में जुट गई। घटना के अगले दिन ही पुलिस ने दोनों भाइयों को रेड कार्रवाई करते हुए गांव के पास से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट के आदेश से जेल भेज दिया है।

# राजधानी में पति-पत्नी मिलकर करते थे बाइक चोरी, नागपुर से आकर रायपुर में बनाया ठिकाना, पुलिस ने भेजा जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नागपुर से रायपुर आकर बाइक चोरी करने वाली दंपति को आजाद नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पति-पत्नी कुछ दिन पहले ही राजधानी के आजाद चौक थाना क्षेत्र में शिफ्ट हुए थे। दोनों ने मिलकर अलग अलग क्षेत्रों से 8 मोटर साइकिल व एक ई-रिक्शा चुरा लिया। चोरी के इन वाहनों को बेचने की फिराक में दोनों पुलिस की गिरफ्त में आ गए। पुलिस ने आरोपी दंपति की निशानदेही पर पुलिस ने सभी वाहनों को बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया है।



बता दें कुछ दिनों से राजधानी में बाइक चोरी की घटनाएं अचानक बढ़ गई थी। इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर पुलिस चोरों की निगरानी में लगी हुई थी। इस बीच आजाद चौक पुलिस को पता चला कि एक युवक व एक युवती बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं और इनकी गतिविधियां भी संदिग्ध लग रही है। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। बाइक के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह चोरी की।

विस्तृत पूछताछ में दोनों ने अपना नाम अनमोल जनबन्धु और गीता जनबन्धु बताया। दोनों पति-पत्नी हैं और मूल रूप से नागपुर के रहने वाले हैं। दोनों कछि दिन पहले ही रायपुर शिफ्ट हुए और यहां रहकर गाड़ियां चुराने लगे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने 8 दोपहिया और एक ई-रिक्शा शहर के अलग-अलग इलाकों से चोरी की है। पुलिस ने सभी गाड़ियों को बरामद कर लिया है। आरोपी दंपती को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# दिन दहाड़े युवक की हत्या, धारदार हथियार से काट दिय गला, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में दिन दहाड़े युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की यह घटना है। लहूलुहान हालत में लाश होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। किसी ने युवक के गले पर धारदार हथियार से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर को चक्रधर नगर पुलिस को मेडिकल कालेज मार्ग पर लहूलुहान शव होने की सूचना मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि किसी ने युवक के गले में धारदार हथियार से वार किया है। आसपास पूछताछ के बाद मृतक की शिनाख्त यूपी आजमगढ़ निवासी विशाल सिंह ठाकुर (34) के रूप में हुई। वह कुछ वर्षों से यहां के सोनारपारा में किराए के मकान में रह रहा था और ढाबा चलाता था।

पुलिस ने बताया कि रविवार को ढाबे वाली जमीन को समतल करने का काम कर रहा था इस दौरान किसी ने पीछे से उसके गले पर वार किया और फरार हो गया। इस हमले से उसकी गर्दन कट गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को आशंका है कि हत्या का कारण जमीन विवाद हो सकता है। इसी एंगल से पुलिस अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ में कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अस्पताल में भर्ती महिला का लोकेशन पूछकर पहुंचा बदमाश कॉल रिकॉर्डिंग दिखाने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** जिले में एक विवाहिता को युवक के द्वारा पुराने काल रिकॉर्डिंग दिखाकर ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जूटमिल थाना क्षेत्र की एक युवती ने चक्रधरनगर थाना में 27 जनवरी शिकायत दर्ज कराई। युवती ने आवेदन देकर साहिल महंत नामक युवक के खिलाफ मोबाइल पर हुई बातचीत के कॉल रिकॉर्ड से ब्लैकमेल कर डरा-धमका कर दुष्कर्म करने की बात कही। आरोपी को चक्रधरनगर थाना पुलिस की टीम सारंगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।




पीड़िता ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि एक अनजान नंबर से उसके पास पिछले कई दिनों से कॉल आ रहा था, जिसे उसने ब्लॉक कर दिया। कुछ दिन पहले पति से विवाद मन मुटाव होने पर मायके चली गई थी। जहां फिर एक अनजान नंबर से साहिल महंत ने संपर्क किया, जिससे मोबाइल पर बातचीत होती थी। पीड़ित युवती ने बताया कि नौ जनवरी को मायके से रायगढ़ इलाज कराने आई थी तो साहिल महंत कॉल कर लोकेशन पूछी और अस्पताल पहुंच गया।

अस्पताल में दोनों के पुराने कॉल रिकॉर्ड मोबाइल में दिखाकर बदनाम करने की धमकी देकर चक्रधरनगर के एक कॉलोनी ले जाकर मकान में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। किसी को बताने पर पुराने कॉल हिस्ट्री के स्क्रीनशॉट पति को भेज देने की धमकी दी। लोकलाज के भय से पीड़िता ने अपने घर में घटना नहीं बताई। साहिल द्वारा लगातार फोन कर परेशान करने से अपने पति और घरवालों को बताया। हालांकि शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई


Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER

फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### स्वच्छ धरा समिति द्वारा लगातार 46वें सप्ताह चलाया गया स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** स्वच्छ धरा समिति, छत्तीसगढ़ की भिलाई इकाई द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 46वें सप्ताह पर पंचमुखी हनुमान मंदिर, हुड़को भिलाई के परिसर में साफ-सफाई करते हुए गुटखा पाऊच, डिस्पोजल, कागज, दोना पत्तल के कचरे एवं पत्तों को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डंप किया गया। समिति का उद्देश्य हरा भरा, स्वच्छ धरा है। स्वच्छता अभियान के पश्चात लोगों से निवेदन किया गया कि आप सभी अपने घर के आसपास, सार्वजनिक स्थल एंव मंदिरों पर स्वच्छता बनाए रखें। स्वच्छता के साथ ही मंदिर परिसर में आंवला का वृक्ष का पौधारोपण भी ट्री गार्ड सहित किया गया। ताकि माताएं बहनें आंवला नवमी पर पूजा-पाठ कर सके।

### मनोचिकित्सक की ओपीडीजिला अस्पताल में फिर शुरू

**भिलाई।** जिला अस्पताल में पदस्थ मनोचिकित्सक डॉ.प्रशांत अग्रवाल के इस्तीफे से मरीजों को हो रही परेशानीअब दूर हो गई है। नेशनल मेडिकल कमीशन के नए नियमअनुसार शंकरा मेडिकल कॉलेज से मनोचिकित्सक कीपढ़ाई करने वाली डॉक्टर और सीएम मेडिकल कॉलेज केमनोचिकित्सक डिपार्टमेंट में पदस्थ डॉक्टर यहां पहुंचनेलगे है। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की सभी छह दिनऔर सीएम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सप्ताह में दो दिनपहुंचते हैं। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की एसआरडॉक्टर रोज मरीजों को देखती हैं, वहीं सीएम मेडिकलकॉलेज के डॉक्टर दिव्यांग जनों को प्रमाण-पत्र जारी करनेउपस्थि?त होते हैं। सिविल सर्जन डॉ. वाईके शर्मा केअनुसार दोनों डॉक्टरों के पहुंचने से मानसिक बीमारी सेपीड़ित मरीजों की पहचान व इलाज रेगुलर होने लगा है।

### कृषि व चिकित्सा शिक्षा विभागके लिए साक्षात्कार 1 फरवरी से

**भिलाई।** सहायक संचालक कृषि, जिला आयुर्वेदअधिकारी और सहायक संचालक (तकनीकी) भर्ती केलिए 1 फरवरी से होगा। इसके एक दिन पहले यानी 31जनवरी को दस्तावेज सत्यापन होगा। साक्षात्कार कोलेकर पीएससी ने समय सारणी जारी कर दी है। इसकेअनुसार कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैवप्रौद्योगिकी विभाग में सहायक संचालक कृषि के 7 पदोंपर भर्ती होगी। इसके लिए साक्षात्कार 1 और 2 फरवरीको दो पालियों में होगा। पहली पाली में सुबह साढ़े 9बजे से और दूसरी पाली में दोपहर डेढ़ बजे सेसाक्षात्कार होंगे। लिखित परीक्षा के आधार पर 21अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चिह्नांकित किया गयाहै। इसी तरह जिला आयुर्वेद अधिकारी भर्ती के लिएसाक्षात्कार 1 फरवरी को दो पालियों में होगा। कुल 4 पदोंके लिए 12 अभ्यर्?थियों को चिह्नांकित किया गया है। साथही चिकित्सा शिक्षा विभाग में सहायक संचालक कीभर्ती होगी। इसके लिए भी साक्षात्कार 1 फरवरी को होगा।

### ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में महिलाओं ने बांटी सुहाग की सामग्री

**भिलाई।** रिसाली स्थित एक निजी होटल में कड़ा मानिकपुरी जिझौतिया ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ द्वारा रविवार को हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमेंदुर्ग- के अलावा रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा के समाजबंधु शामिल हुए। महिलाओं ने एक- दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाया और सुहाग की सामग्री वितरित की।

# रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महका राजेंद्र पार्क

## मैत्री गार्डन की तर्ज पर राजेंद्र पार्क फ्लावर-शो को लोगों का मिला अच्छा प्रतिसाद



### पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फ्लावर-शो को देखने हजारो की भीड़ जुटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। नगर निगम प्रशासन द्वारा राजेन्द्र पार्क में भव्य फ़्लावर शो कार्यक्रम का विधायक गजेंद्र यादव द्वारा नगर निगम सभापति राजेश यादव,आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा एवं पार्षदों और अधिकारी/ कर्मचारी के बीच फीता काटकर भव्य फ़्लावर शो कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**

नगर पालिक निगम द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्री गार्डन की तर्ज पर निगम के राजेंद्र पार्क फ्लावर-शो को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला।पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित फ्लावर-शो को देखने सुबह से देर रात तक 15 हजार से अधिक लोग पहुंचे।फ्लावर-शो पर 250 से अधिक वेरायटी के फूल सजाए गए थे।इनमें काला और हरा गुलाब के साथ बोनसाई के पौधे आकर्षण के केंद्र रहे।फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए।महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा के अनुरूप नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर को ग्रीन सिटी बनाने पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करने के मकसद से फ्लावर-शो का आयोजन किया गया।विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों व स्कूल बच्चो द्वारा पेंटिंग व डांस किया गया जिन्हें प्रशस्ति पत्र वितरण प्रदान किया गया।

उन्होंने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिभा चन्द्राकर,दीपक साहू,हमीद खोखर,उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर,मदन जैन,पूर्व महापौर आरएन वर्मा,विजेंद्र भारद्वाज,चमेली साहू,हेमा शर्मा,बृजलाल पटेल,शशिद्वारिका साहू, कुमारी साहू,ज्ञानदास बंजारे,उपायुक्त मोहेंद्र साहू, ईई दिनेश नेताम,जितेंद्र समैया, वीपी मिश्रा,आरके पलिया, जावेद अली,दुर्गेश गुप्ता,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,थानसिंह यादव,पूर्व सभापति देवनारायण तांडी,अजय गुप्ता, रत्ना नामदेव,रामकली यादव,अनूप वर्मा, निकिता मिलिंद आदि मौजूद रहें।बता दे कि इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों व पर्यावरण प्रेमियों का जुड़ाव हो सके इसके लिए घरों में तैयार पौधों को भी फ्लावर-शो में सजाने का अवसर दिया गया। इसमें सैकड़ो से ज्यादा लोगों ने पंजीयन कराया। फ्लावर शो में नगर निगम द्वारा तैयार फूलों के गमलों व सजावटी पौधों के अलावा फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए।फ्लावर शो में गमला में फूल पौधा सजावट,कट फूल पौधा सजावट और बोनसाई फूल पौधा सजावट तीन केटेगरी में कराई गई।नगर निगम दुर्ग फ्लावर शो : हरा और काला गुलाब सहित बोनसाई पौधे आकर्षण के केंद्र रहे। फ्लावर-शो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।अयोध्या मंदिर कटआउट बनाया गया था इसे लोगों की जमकर सराहना मिली।इसके अलावा फ्लावर शो में अयोध्या मंदिर के कटआउट के आगे लोग शेल्फी लेते नजर आये व बच्चों के अलावा सेल्फी में रूचि रखने वालों के लिए यह खासे आकर्षक के केंद्र रहे। फूलों के अलावा मौसमी फलों की प्रदर्शनी को भी लोगों ने खासा पसंद किया।





-छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से महका स्टॉल फ्लॉवर-शो को आकर्षक बनाने निगम प्रशासन द्वारा अलग-अलग वस्तुओं की बिक्री के लिए स्टॉल भी आवंटित किया गया था।इसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल भी शामिल थे।

इन स्टॉलों में लगभग सभी तरह के छत्तीसगढ़ी व्यंजन रखे गए थे। फ्लावर-शो में पहुंचे लोगों ने छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया।जबकि बोनसाई सजावट के लिए एक केटेगरी तय की गई थी।सभी केटेगरी को मिलाकर करीब सैकड़ो प्रदर्शन रखे गए थे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेंगे हुडको वालीबॉल क्लब के विनोद नायर, अर्पिता शर्मा और अलीशा खान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। खेलो इंडिया यूथ गेम्स चेन्नई में आयोजित होने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में हुडको वालीबॉल क्लब के एनआईएस वॉलीबॉल कोच और इंटरनेशनल वॉलीबॉल रेफरी विनोद नायर, अर्पिता शर्मा और अलीशा खान भाग ले रहे हैं। विनोद नायर को तकनीकी अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।**




विनोद नायर को रेफरी समूह के प्रमुख के रूप में नामित किया गया। यह पहली बार है कि छत्तीसगढ़ राज्य से किसी अधिकारी को इस पद के लिए नामांकित किया गया है। स्स्स सेक्टर -7, की छात्रा अर्पिता शर्मा और एमजीएम की छात्रा अलीशा खान को छत्तीसगढ़ राज्य गर्ल्स वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।

पिछले महीने इन दोनों खिलाड़ियों ने तमिलनाडु के तिरुचरापल्ली में छत्तीसगढ़ राज्य स्कूल गर्ल्स (अंडर-17) वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया और स्कूल नेशनल में उनकी टीमों के प्रदर्शन ने उन्हें खेलो इंडिया यूथ गेम्स खेलने के लिए जगह दिलाई। एचवीसी और दुर्ग जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सभी अधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और सदस्यों ने उनकी उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

## डॉ. मित्रा होंगी हेमचंद विवि की पहली लोकपाल, शिकायतें सुनेंगी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मानवशास्त्र विभाग की सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. मिताश्री मित्रा हेमचंद विवि की लोकपाल होंगी। यूजीसी के निर्देशानुसारउनकी नियुक्ति की गई है। उनका कार्यकाल 3 साल का होगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों कीसमस्याओं को सुना जाएगा औरउसका निवारण किया जाएगा। कॉलेज स्तर पर आनेवाली समस्याओं के निराकरण के लिए विद्यार्थी पहले कॉलेज स्तरीय शिकायत निवारण समिति से संपर्ककरेंगे। वहां समस्या हल नहीं होती है तो आगे कीकार्रवाई के लिए समिति लोकपाल से संपर्क करेगी। वहां उनकी समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

डॉ. मित्रा इससे पहले रविशंकर विश्व विद्यालयरायपुर में पदस्थ रह चुकी हैं। उन्हें विद्यार्थियों कोहोने वाली समस्याओं का खासा अनुभव भी है।

# जनवरी के अंतिम सप्ताह में भी पड़ रही कड़ाके की ठंड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जनवरी के अंतिम सप्ताह में भी शहर ठंड से कंपकपा रहा है। छत्तीसगढ़ के उत्तरी जिलों के साथ ही दुर्ग भिलाई में भी कड़ाके की ठंड है। रात को पारा 9.2 डिग्री तक पहुंच गया। यह इस सीजन की सबसे सर्द रात मानी जा रही है। न्यूजनतम तापमान शनिवार की रात सामान्य से 6 कम 9.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचगया है। एक दिन पहले रात यह औसत से 5 डिग्री नीचे 9.9 डिग्री सेल्सियस था। इससे पहले के 26 दिनों में यह सबसे कम 16 से 12 डिग्रीसेल्सियस के आस-पास रहा। जबकि बीते दो दिनों में पड़ोसी जिलों में रात का तापमान दुर्ग की तुलना में पूर्व की तरह 12 डिग्रीसेल्सियस से 14 डिग्री सेल्सियस केआस-पास रहा है।

संभाग के सभीजिलों के बीच में होने के बाद भीदुर्ग में सर्द रात्रि का स्थिति बन गईहै। 56 घंटे में रात के तापमान में 3डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखनेको मिली है। 26 जनवरी को जिलेका न्यूनतम तापमान सामान्य से 3डिग्री से. कम 12 डिग्री सेल्सियसथा। 28 जनवरी को यह सामान्य से6 डिग्री कम 9.2 डिग्री सेल्सि. रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दक्षिणी हवा आते ही ठंड गायब हो जाएगी और गर्मी बढ़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार आगे केतीन दिनों जिले के मौसम में कोईबड़ा उतार-चढ़ाव नहीं होना है।पश्चिमी विक्षोभ का असर सोमवारकी रात तक खत्म हो जाएगा। दिनकी लंबाई ज्यादा हो गई है, इसकेसाथ ही उत्तर से ठंडी हवाएं अब बंदहोने के कगार पर है। दक्षिण की ओरसे गर्म हवाएं शुरू होने वाली है। ऐसीदशा में अब मौसम गर्म होते जाएगा। गुजरात से आए बादल अबयूपी की ओर निकल गएशनिवार रात आसमान में बादल छानेके बाद तापमान गिरा है। गुजरात केऊपर दिखे बादल रात 12 बजे तकप्रदेश की सीमा में प्रवेश किए औरउसी रफ्तार से बिना रुके उत्तर प्रदेशकी ओर निकल गए हैं। यह बादलकुछ देर तक ठहराते तो तापमान केगिरावट पर अंकुश लग सकता था।

# सात समंदर पार भिलाईवासियों ने बढ़ाया तिरंगे का मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सात समंदर पार सुदूर अमेरिका में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में लगे भिलाई के युवा मयंक जैन की हिन्दी यूएसए सेंट लुईस हिन्दी पाठशाला में भारत का 75 वा गणतंत्र दिवस देश-विदेश के प्रतिनिधियों के साथ मनाया गया। मयंक जैन ने बताया कि पाठशाला के लगभग 200 सदस्यों ने पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ यह गौरवमयी दिवस मनाया।

शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, और सभी ने तिरंगे को सलामी देकर राष्ट्रगान समवेत स्वर में गाया। इस दौरान बच्चों ने 'सारे जहां से अच्छा', 'हम होंगे कामयाब', और 'नन्हा मुन्ना रहू हूं' जैसे राष्ट्रभक्ति गीत सुना कर मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यापिका ऋतु माहेश्वरी ने 'ऐ मेरे प्यारे वतन' गा कर समा बांधा। यह कार्यक्रम फेसबुक पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया था, जिससे ऑनलाइन दर्शक भी इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बन सके। कार्यक्रम का संचालन पाठशाला की सहसंचालिका डॉ.अंशु जैन और विशेष संबोधन मयंक जैन ने किया। मयंक ने बताया कि अमेरिका में वर्ष 2018 से उनके संस्थान के माध्यम से भारतवंशी विविध पहल कर रहे हैं। जिसमें दीपावली और नवरात्रि का उत्सव मनाया गया। पहली बार हिन्दी पाठशाला ने भारतीय समुदाय के बाहर बहु-जातीय चैम्बर ऑफ कॉमर्स में भाग लेकर और लाड्यू हॉर्टन हाई स्कूल में एक स्टॉल लगाकर हिंदी स्कूल, भाषा, और संस्कृति को प्रदर्शित किया। मयंक ने बताया कि सेंट लुईस पब्लिक रेडियो पर स्कूल के बारे में बात करने के लिए पहली बार उन्हें आमंत्रित किया गया था। गणतंत्र दिवस के आयोजन में सभी बच्चों के हाथ में तिरंगा था और इस दौरान वक्ताओं ने गणतंत्र दिवस का महत्व भी सभी को बताया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनिता सिंह, सारिका गाबा, क्रांति अग्रवाल, कपिल खत्री, नेहा विजय, शालिनी शर्मा, शुचि खंडेलवाल, चेतन शाह, अंजना किनी, केसी पाठक, आकाश जैन, पायल जैन, सुगंध सिंघवी और हर्षा अग्रवाल शामिल हैं। हिंदी-यूएसए सेंट लुइस मध्यवर्ती अमेरिका की सबसे बड़ी पंजीकृत गैर-लाभकारी हिंदी-पाठशाला है जिसमे 176 बच्चे हिंदी पढ़ना, लिखना, और बोलना सीखते हैं और इसका उद्देश्य अमेरिका में हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के ज्ञान का प्रसार करना है। अधिक जानकारी के लिए आप इनके फ़ेसबुक पेज www.Facebook.com/HindiUSASTL को सब्सक्राइब कर सकते है। इसके अलावा आप इनके यूट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम और टिक टॉक से भी जुड़ सकते हैं।

# देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी में से एक थे हेमू कालाणीः गजेन्द्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। अमर शहीद हेमू कालाणी के प्रतिमा लोपार्पण में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव। सिंधी समाज के द्वारा अमर शहीद हेमू कालानी के प्रतिमा का किया गया लोपार्पण। जिसमें सिंधी समाज के भगवान झूलेलाल का दीप प्रज्वलन अनावरण एवं माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ।**

उसके पश्चात अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया सिंधी समाज के अध्यक्ष आसान दास मोहनानी ने अमर शहीद हेमू कालानी का जीवन का परिचय विस्तार से बताया ।

उसके पश्चात मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि हेमू कालाणी देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारी में से एक थे। 19 वर्ष की उम्र में उन्हें अंग्रेजी हुकूमत के आदेश पर फासी दी गई थी। उन्होंने सक्खर पुल में पटरी की फिश प्लेट खोलकर गिराने का काम कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया जब जेलर आए उनसे अपने साथियों का पूछते थे तो वह अपने साथियों का नाम उनके हाथों में हथौड़े और पाना बताया करते थे! विधायक ने समाज के लोगों को संतुष्ट किया कि सिंधी समाज से विधायक प्रतिनिधि के तौर पर जरूर नियुक्त किया जाएगा। उनके पश्चात पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप ही बना अमर शहीद हेमू कालाणी चौक के नाम से जाना जाएगा कहते हुए अपने वाणी को विराम दिया। मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर निगम सभापति राजेश यादव , नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं पार्षदगण साथ ही साथ समाज के वरिष्ठ विधान एवं सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव को साल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




## गोस्वामी समाज का स्नेह सम्मेलन संपन्न, रस्सी खींच में महिलाओं ने पुरुषों के समक्ष पेश की चुनौती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सनातन दसनाम गोस्वामी समाज दुर्ग भिलाई (पंजीयन क्रमांक 1657) द्वारा आज मैत्री बाग में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगो ने भगवान दत्तात्रेय के तैलीय चित्र पर फूलमाला अर्पण कर विधिविधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके बाद सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत के बाद परिचय का क्रम जारी हुआ। जिसमे समाज के उपस्थित लोगो ने बारी बारी से अपने परिवार सहित सम्पूर्ण जानकारी दी। स्नेह भोज के बाद द्वितीय सत्र में महिलाओं और पुरुषों का अलग अलग ग्रुप बनाकर रस्सी खींच का आयोजन किया गया। फिर भजन कीर्तन में महिलाओं ने एकल व सामूहिक प्रस्तुति दी गई। समाज के संरक्षक दुर्ग जिला के पूर्व अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी ने भी भजन कीर्तन सुनाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्रगति नगर रिसाली निवासी सचिन गिरी गोस्वामी की नन्ही बिटिया आद्यया ने दुर्गास्तुति कर लोगों का दिल जीत ली। कार्यक्रम के अंत में अंताक्षरी का आयोजन किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। स्नेह सम्मेलन में आए हुए सामाजिक लोगों का मोहनपुरी गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुधीर बन, दुर्ग जिला अध्यक्ष दीपक बन ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र पूरी गोस्वामी, कुंवर गिरी, शंभू पूरी, लवकेश्वर पूरी, भागवत गिरी, नरेंद्र बन, खिलावन गिरी, तिलक पूरी, महेश पूरी, उमेश गिरी, विक्रांत बन, राजेंद्र भारती, नंदपुरी, भुवनेश्वर पुरी, गोल्डी गोस्वामी, चितरंजन पर्वत, टकेश्वर गिरी, राजेंद्र गिरी, मातृशक्ति श्रीमती उर्मिला, श्रीमती गायत्री , श्रीमती माया सहित आदि लोग उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950